06 नवंबर, 2024
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 19







# हेमंत और खड़गे ने झारखंड के वोटरों को दी सात गारंटी

## महिलाओं को ढाई हजार रुपये, 450 रुपये में सिलेंडर और सरना धर्म कोड शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ इंडिया गठबंधन ने अपना घोषणा पत्र मंगलवार को जारी कर दिया। झामुमो, कांग्रेस और राजद ने मिलकर गठबंधन की सात गारंटियों की घोषणा की। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मौजूद रहे। घोषणा पत्र में कहा गया है कि गठबंधन की सरकार बनी, तो 10 लाख युवाओं को नौकरी और प्रति व्यक्ति सात किलो राशन देने का वादा किया गया। इसके अलावा प्रत्येक महिला को ढाई हजार रुपये प्रति माह और 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया गया है। 'एक वोट-सात गारंटी' नाम से जारी इस घोषणा पत्र में जनता से सात वादे किये गये हैं। इन वादों में स्थानीयता, महिलाओं को आर्थिक मदद, आरक्षण, मुफ्त राशन, नौकरियां, स्वास्थ्य बीमा, शिक्षा और किसानों के लिए योजनाएं शामिल हैं। घोषणा पत्र के अंत में कहा गया है, भरोसा बरकरार, गठबंधन सरकार।



### ये हैं सात गारंटी

**1 गारंटी खाद्य सुरक्षा की**
राशन वितरण सात किलो प्रति व्यक्ति किया जायेगा। साथ ही गैस सिलेंडर राज्य के हर गरीब परिवार को 450 रुपये में दिया जायेगा।

**2 गारंटी सामाजिक न्याय की**
एसटी-28 प्रतिशत, एससी-12 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत एवं अल्पसंख्यक के हितों का संरक्षण करने हेतु संकलित, साथ ही पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय के गठन हेतु संकल्पित।

**3 गारंटी शिक्षा की**
राज्य के सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज तथा जिला मुख्यालयों में इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेज और यूनिवर्सिटी की स्थापना की जायेगी। साथ ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु औद्योगिक प्रोत्साहन नीति लाते हुए राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में पांच-पांच सौ एकड़ का औद्योगिक पार्क बनाया जायेगा।

**4 गारंटी 1932 आधारित स्खतियान की**
1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति लाने, सरना धर्म कोड को लागू करवाने के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषा-संस्कृति के संरक्षण को संकल्पित।

**5 गारंटी मंईयां सम्मान की**
दिसंबर, 2024 से मंईयां सम्मान के तहत ढाई हजार रुपये दिये जायेंगे।

**6 गारंटी रोजगार एवं स्वास्थ्य सुरक्षा की**
झारखंड के 10 लाख युवक-युवतियों को नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा, 15 लाख तक पारिवारिक स्वास्थ्य बीमा दिया जायेगा।

**7 गारंटी किसान कल्याण की**
धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 2400 रुपये से बढ़ा कर 3200 रुपये करने के साथ-साथ लाह, तसर, करंज, इमली, महुआ, चिरौंजी, साल बीज आदि के समर्थन मूल्य में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि की जायेगी।

# झारखंड में चलने लगे नेताओं के 'बयान बम'


दिवाली के उल्लास और छठ की आस्था में डूबते-उतराते झारखंड में अब 'बयान बम' चलने लगे हैं। ये बम राज्य की सबसे बड़ी पंचायत, यानी विधानसभा की 81 सीटों पर चुनाव के लिए प्रचार अभियान के दौरान चल रहे हैं। संथाल परगना से लेकर पलामू और कोल्हान से लेकर उत्तरी छोटानागपुर के साथ दक्षिणी छोटानागपुर से लेकर कोयलांचल तक में चुनाव प्रचार पूरे उफान पर है। दलों के बड़े नेता जहां चुनावी सभाओं में गरज रहे हैं और एक-दूसरे के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला रहे हैं, तो दूसरी तरफ प्रत्याशियों का फोकस जनसंपर्क और डोर-टू-डोर प्रचार पर है। राज्य में पहले चरण में 43 सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होना है। दूसरे चरण में 38 सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होगा। इन दो चरणों के लिए कुल 1211 प्रत्याशी मैदान में हैं।

## योगी ने कहा, जब भी बंटे, निर्ममता से कटे

### पहले औरंगजेब ने देश को लूटा, अब झारखंड को आलमगीर लूट रहे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बड़कागांव/कोडरमा/जमशेदपुर।** उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जब भी लोग बंटे हैं, निर्ममता से कटे हैं। मंगलवार को चुनाव प्रचार के लिए झारखंड पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने बड़कागांव, कोडरमा और जमशेदपुर में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पांच सौ साल पहले एक आलमगीर (औरंगजेब) ने पूरे देश को लूटा था और आज एक आलमगीर (आलम) झारखंड को लूट रहा है। इन चुनावी सभाओं में उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस तरह औरंगजेब ने देश को लूटा था, मंदिरों को नष्ट किया था, उसी तरह झारखंड सरकार के एक मंत्री के नौकर के घर से नोटों की गड्डियां मिली हैं। यह पैसा झारखंड के गरीबों का था, जिसे लूटकर जमा किया गया था। उन्होंने कहा कि झारखंड में कांग्रेस, झामुमो और राजद ने



मिलकर लूट मचा रखी है। बालू की चोरी, रिश्वतखोरी, पेपर लीक, भ्रष्टाचार चरम पर है। इसकी वजह से पूरा झारखंड त्राहिमाम कर रहा है। इस बार झारखंड में बदलाव की बयार बह रही है। उन्होंने 'बटेंगे तो कटेंगे' का नारा दोहराया। उन्होंने लोगों से अपनी ताकत का एहसास कराने को कहा। योगी ने कहा, जातियों में नहीं बंटना है। जाति के नाम पर कुछ लोग आपको बांटेंगे। कांग्रेस और विपक्ष यही काम करता है। ये लोग बांग्लादेशी घुसपैठियों को बुला रहे हैं। एक दिन ये लोग आपको घर के अंदर घंटी और शंख भी नहीं बजाने देंगे। इसलिए एक रहिये और नेक रहिये।

योगी ने कहा, आज भारत के नाम से ही पाकिस्तान थर-थर कांपता है। भारत इतना शक्तिशाली है कि सभी आतंकवादी अपने बिल में घुसे हुए हैं। पीएम मोदी इतने शक्तिशाली हैं कि कोई भी देश भारत की तरफ आंख उठाकर भी नहीं देखता है। पहले चीन भारत को आंख दिखाता था, अब वह पीछे हट रहा है। इंडिया गठबंधन देश की सुरक्षा और स्वाभिमान के साथ खिलवाड़ कर रहा है। इसलिए लोग भाजपा को वोट कर यहां एनडीए की सरकार बनायें। उत्तरप्रदेश का जिक्र करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस तरह से यूपी में बुलडोजर से माफिया राज का अंत किया गया, उसी तरह झारखंड में भी अपराधियों का खात्मा भाजपा सरकार करेगी। भाजपा की सरकार ही माफियाओं का नाश कर सकती है। भाजपा सुरक्षा की गारंटी है।

### हेरहंज, महुआडांड़ और टंडवा में गरजे मुख्यमंत्री

## 1.36 लाख करोड़ मिलता, तो जरूरतमंदों का जीवन सुधर जाता : हेमंत सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बालूमाथ/ हेरहंज/ टंडवा।** मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा है कि केंद्र सरकार के पास झारखंड का जो 1.36 लाख करोड़ बकाया है, यदि वह मिल जाता, तो राज्य के हर जरूरतमंद का जीवन सुधर जाता। मंगलवार को हेरहंज, बालूमाथ और टंडवा में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों का विवरण दिया और भाजपा द्वारा अपने खिलाफ की गयी कथित साजिशों का ब्योरा दिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हम ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसके लिए कई नयी योजनाएं शुरू की गयी हैं। सरकार के सामने कई चुनौतियां आयीं। कोरोना में दो साल तक सब कुछ बंद रहा।



हमारी सरकार काम करे, यह विपक्षियों को गवारा नहीं था। झारखंड का हक मांगने पर हमारे खिलाफ एक साजिश रची गयी और हमें जेल में बंद कर दिया गया। हमने सरकार को आम लोगों के दरवाजे पर लाकर खड़ा कर दिया, तो विपक्षियों ने साजिश कर समय से पहले चुनाव करा दिया। यदि समय से चुनाव होता, हमारी सरकार हर परीक्षा का रिजल्ट निकाल कर युवाओं को नौकरी देती। हमने सरना धर्मकोड, आरक्षण और स्थानीय नीति के बारे में प्रस्ताव पास कर भेजा, तो उन्हें लटका कर रख दिया गया है।

## खड़गे ने कहा, भाजपा ने ही बांटा है और काटा भी

### हेमंत सरकार ने झारखंड की जनता के हित में कई बड़े निर्णय लिये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मांडू/रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा के 'बंटेंगे तो कटेंगे' के नारे का जवाब देते हुए कहा है कि यह भाजपा ही है, जिसने देश को बांटा भी है और काटा भी है। झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए मंगलवार को पहली बार पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा की नीतियों पर जम कर हमला बोला। उन्होंने मांडू और रातू विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार की तारीफों से पुल बांधे और इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा। उन्होंने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही गठबंधन सरकार की उपलब्धियों का विवरण देते हुए कहा कि सोरेन सरकार ने झारखंड की जनता के हित में कई बड़े निर्णय लिये।

खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 'गारंटी' के लेकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि ये मोदी की गारंटी है।



कहां है आपकी गारंटी। गारंटी तो कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी ने दी थी। वह भोजन की गारंटी थी। उनकी वजह से भूखे लोगों को आज अन्न मिल रहा है। उन्होंने मनरेगा योजना के रूप में रोजगार की गारंटी दी और लोगों को साल में एक सौ दिन के रोजगार की गारंटी मिली। मोदी की सरकार इस योजना को खत्म करने में लगी हुई है। उन्होंने मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि आपके वादों का कद भी आपके जैसा है। कभी भी नाप के देखो, तो कम निकलता है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की बात करते हैं। आदिवासियों की बात करते हैं। हेमंत सोरेन की सरकार ने 2022 में एससी-एसटी के आरक्षण को बढ़ाने का प्रस्ताव पास कर भेजा था। आज भी वह प्रस्ताव राजभवन में पड़ा है। उसे मंजूरी क्यों नहीं दी जा रही। यदि आप एससी-एसटी-ओबीसी के हितैषी हो, तो आरक्षण को 14 फीसदी से बढ़ाकर 27 फीसदी क्यों नहीं करते। वर्ष 2022 में झारखंड सरकार ने जो प्रस्ताव केंद्र को भेजा था, उसमें ओबीसी आरक्षण को 14 फीसदी से बढ़ाकर 27 फीसदी करने की सिफारिश की गयी थी। इसे अब तक मंजूरी नहीं दी गयी। खड़गे ने कहा कि भाजपा और एनडीए कांग्रेस की कॉपी करती है। उनकी एक भी योजना अपनी नहीं है। कांग्रेस कर्नाटक में भाग्यलक्ष्मी योजना लेकर आयी। इसकी नकल में भाजपा गोगो दीदी योजना, लाडली बहना योजना जैसी योजनाएं ले आयी। ये लोग यहां के जंगल और जमीन लूट लेंगे।

### गिरिडीह में हेमंत सरकार पर बरसे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

## सरकार बनी, तो ओबीसी आरक्षण बढ़ाने की होगी कोशिश: बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही ओबीसी आरक्षण को 27 फीसदी करने के मामले पर समुचित कदम उठाये जायेंगे और इसे लागू करने का प्रयास किया जायेगा। मंगलवार को यहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने आरक्षण और दूसरे मुद्दों पर हेमंत सोरेन सरकार पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जनसंख्या में सबसे ज्यादा कमी संथाल परगना इलाके में देखी गयी



है। भाजपा की सरकार बनेगी, तो इस पूरे मामले की जांच के लिए एसआइटी का गठन किया जायेगा।

भाजपा नेता ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही राज्य में ढाई हजार किलोमीटर सड़क बनायी जायेगी।

## आप सत्ता परिवर्तन करें, हम व्यवस्था बदलेंगे: राजनाथ सिंह

### 62 हजार आदिवासी गांव के लिए हमने अलग योजना बनायी है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा/रातू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने झारखंड के लोगों से सत्ता परिवर्तन करने को कहा है, ताकि भाजपा यहां की व्यवस्था बदल सके। झारखंड विधानसभा चुनाव में मंगलवार को प्रचार करने पहुंचे राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा शक्तिशाली रॉकेट है। यह पार्टी झारखंड को नयी उंचाई पर ले जायेगी। उन्होंने कहा, राज्य बनने के बाद से अब तक यहां 13 सीएम बनाये गये। हमारे एक भी सीएम पर केस नहीं हुआ। जेल नहीं गये। लेकिन यहां के दो-दो सीएम जेल गये। ये दोनों भाजपा



के नहीं थे। बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास पर किसी गड़बड़ी का आरोप नहीं लगा। हमने अलग राज्य बनाया। यह काम कांग्रेस, राजद या झामुमो ने नहीं किया है, हमने किया है।

राजनाथ ने कहा, हमने सोचा था कि झारखंड बनने के बाद हम इसका विकास करेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। जब भी झामुमो के हाथों में राज्य गया, इसकी बर्बादी हुई। भाजपा तेजी से विकास करती है, जबकि जेएमएम का मतलब ही जमकर मलाई मारो है। हम ऐसा नहीं करते। इसके लोगों ने आदिवासियों का खून चूसा है। ये आदिवासियों के हितैषी नहीं हैं। झारखंड से भाजपा का आत्मीय रिश्ता है। उन्होंने कहा, झामुमो के पास कहां से पैसा आता है, लोगों को सोचना चाहिए। वास्तव में झारखंड के विकास में तीन ब्रेकर, कांग्रेस, राजद और झामुमो हैं। ऐसे लोगों को फिर से सरकार बनाने का मौका नहीं दें।

राजनाथ सिंह ने कहा, आज देश का नाम मोदी के कारण पूरी दुनिया में गूंज रहा है। अभी भारत की अर्थव्यवस्था विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर है, लेकिन जल्दी ही यह तीसरे स्थान पर होगी। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को सबसे अधिक सम्मान भाजपा ने दिया है। पूरे देश में बिरसा जयंती मनायी जा रही है। हमने आदिवासी राष्ट्रपति बनाया। केंद्र की मोदी सरकार ने 62 हजार आदिवासी गांवों के लिए अलग योजना बनायी है।

### घाटशिला और गुमला में झामुमो की चुनावी सभाएं

## भाजपा हमारी खनिज संपदा को लूट कर अडाणी-अंबानी को देना चाहती है : कल्पना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला/गुमला।** झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने कहा है कि भाजपा झारखंड की खनिज संपदा को लूट कर अडाणी-अंबानी को देना चाहती है। उसे झारखंड या यहां के लोगों से कोई मतलब नहीं है। मंगलवार को घाटशिला और गुमला में झामुमो प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा कभी आदिवासियों की हितैषी नहीं हो सकती है। उसके लोग इन दिनों झारखंड में मंडरा रहे हैं। इस बार आपको उन्हें सबक सिखाना है।



अपना वोट सोच-समझ कर दें। 24 साल के झारखंड में 18 साल भाजपा वालों ने शासन किया, लेकिन मां-बहन-बेटी के लिए उन्होंने कुछ नहीं सोचा। दूसरी तरफ झामुमो सरकार ने मां-बहनों को लिए योजनाओं की झड़ी लगा दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 74,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 100,000 रु./प्रति किलो |



# अपने प्रण से भाजपा ने सत्ता पक्ष पर निशाना साधा, मची हलचल

- सहारा निवेशकों के बारे में सोचना, यानी राज्य के 24 लाख लोगों की उम्मीदों को पंख देना
- पारा टीचरों, सहायक पुलिसकर्मियों और अनुबंधकर्मियों का भरोसा भी हासिल करने का लक्ष्य
- सत्तारूढ़ पक्ष को इसका जवाब देने के लिए कोई नया हथियार लाना होगा

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड में विधानसभा चुनाव का पहला चरण अब महज हफ्ता भर दूर है। चुनाव प्रचार में सभी दलों और प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंक रखी है। एक दूसरे के खिलाफ राजनीतिक बमबारी चालू है। बयानों के मिसाइल भी दागे जा रहे हैं। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, चुनाव प्रचार की रफ्तार भी तेज होती जा रही है। सत्ताधारी गठबंधन की तरफ से प्रचार की कमान जहां हेमंत सोरेन ने संभाल रखी है, वहीं भाजपा ने पीएम मोदी और अमित शाह के अलावा अपने तमाम मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को प्रचार अभियान में झोंक दिया है। लोग कह रहे हैं कि हिमंता कम थे कि भाजपा ने योगी आदित्यनाथ को भी मैदान में उतार दिया है। योगी ने झारखंड में एंट्री मारते ही हिंदुओं को चेता दिया कि बंटोगे तो कटोगे। जनता अपने मनपसंद नेताओं को देख कर भी खूब उत्साहित हो रही है। कांग्रेस की तरफ से मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी कमान संभाली हुई है। उन्होंने योगी के बयान का जवाब देते हुए कहा है कि बांटनेवाले भी तुम और काटनेवाले भी तुम। सूचना है कि राहुल गांधी और दूसरे नेता भी झारखंड में चुनाव प्रचार करने के लिए आनेवाले हैं। इधर झारखंड के चुनाव प्रचार अभियान में पिछले दो महीने से महागठबंधन और खासकर उसके नेता हेमंत सोरेन की जिन तीन-चार योजनाओं की खूब चर्चा हो रही थी, उनमें मंईयां सम्मान योजना और बिजली बिल माफी योजना, सर्वजन पेंशन योजना और अबुआ आवास योजना ने खूब सुर्खियां बटोरीं। उन योजनाओं की सुर्खियों के बाद भाजपा कहीं न कहीं झारखंड में बैकफुट पर थी, जिसकी काट के लिए उसने पहले गोगो दीदी योजना की घोषणा की। अभी-अभी भाजपा ने संकल्प के रूप में जो दो वादे किये हैं, उससे चुनावी मैदान में उत्सुकता बढ़ गयी है। ये दो वादे हैं, सहारा निवेशकों के पैसे लौटाने और पारा टीचरों, सहायक पुलिसकर्मियों और अनुबंधकर्मियों के स्थायीकरण का। भाजपा ने झारखंड के लिए जो संकल्प पत्र जारी किया है, उसमें इन दो वादों को शामिल किया गया है। भाजपा द्वारा किये गये इन दो वादों के बाद से ऐसा लगता है कि चुनावी माहौल में एक हलचल पैदा हो गयी है और भाजपा समर्थकों का कहना है कि ये दो वादे गेमचेंजर साबित हो सकते हैं। क्योंकि राज्य में सहारा निवेशकों की संख्या करीब 24 लाख है। इन निवेशकों में नयी आस जग चुकी है। इनके परिवार के लोग उत्साहित हो रहे हैं कि उनके फंसे हुए पैसे उन्हें मिलने शुरू हो जायेंगे। फिलहाल किसी भी राजनीतिक दल की निगाह इस ओर नहीं गयी थी। लेकिन सहारा निवेशक अपनी पीड़ा आजाद सिपाही के कार्यक्रम भ्रमण के दौरान भी बताते रहे। लेकिन अब भाजपा ने इस ओर ध्यान आकर्षित कर एक बड़े वर्ग या वोट बैंक को साधने का प्रयास किया है। भाजपा अगर इनका भरोसा जीतने में कामयाब होती है, तो इससे उसे चुनावी लाभ मिल सकता है। यह फार्मूला भाजपा अन्य चुनावी राज्यों में भी लगा सकती है। अब सत्ता पक्ष को इन दो वादों के जवाब में कोई नया हथियार उतारना जरूरी हो गया है। क्या हैं ये दो वादे और क्या हो सकता है इनका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह**



राकेश सिंह

झारखंड में पहले चरण के चुनाव के लिए अब महज एक हफ्ता बचा है। इसलिए चुनाव प्रचार अभियान पूरे उफान पर है। विभिन्न दलों और प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक रखी है। पिछले कुछ सालों से प्रचार अभियान के दौरान यह देखने को मिल रहा है कि दलीय प्रत्याशियों के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनावी वादे करते हैं और जीतने पर उन वादों को पूरा करने की कोशिश भी करते हैं। इसलिए इस चुनाव में भी खूब वादे किये जा रहे हैं, उन्हें पूरा करने की कसमें खायी जा रही हैं और संकल्प-प्रण के साथ नयी योजनाओं की रूपरेखा भी जनता के सामने रखी जा रही है।

इन वादों और संकल्पों-घोषणाओं के शोर में अभी-अभी जिन दो संकल्पों ने पूरे चुनाव प्रचार अभियान में हलचल पैदा कर दी है, वे भाजपा ने जारी किये हैं। इनमें पहला संकल्प है सहारा निवेशकों के पैसे लौटाने का और दूसरा है पारा टीचरों, सहायक पुलिसकर्मियों और अनुबंधकर्मियों की सेवा को स्थायी करने का। इन दो संकल्पों में खास बात यह है कि इनसे झारखंड का हर तीसरा व्यक्ति किसी न किसी रूप में प्रभावित है। इन दोनों संकल्पों की एक और खास बात यह है कि ये हर जाति, धर्म, क्षेत्र, समुदाय और आयवर्ग को समान रूप से प्रभावित करते हैं।

झारखंड में पिछले दो महीने से सत्ता पक्ष और विपक्ष की तरफ से मुख्य रूप से मंईयां सम्मान योजना और गोगो दीदी योजना की चर्चा हो रही थी। इसके अलावा सर्वजन पेंशन योजना, कृषि ऋण माफी योजना और बिजली बिल माफी योजना के बारे में भी बात हो रही थी। सत्ता पक्ष की तरफ से इन योजनाओं को अपनी उपलब्धियों के रूप में बताया जा रहा था, तो विपक्ष की तरफ से गोगो दीदी योजना लागू करने की बात जोर-शोर से प्रचारित की जा रही थी। ऐसा महसूस होने लगा था कि झारखंड का यह चुनाव मंईयां सम्मान योजना बनाम गोगो दीदी योजना हो गया है।




## क्या था इन दोनों योजनाओं का स्वरूप

इन दोनों योजनाओं का टारगेट समूह महिलाएं ही थीं। तीन महीना पहले मंईयां सम्मान योजना लागू हुई और करीब 50 लाख महिलाओं के खाते में हर महीने एक-एक हजार रुपये भेजे जाने लगे। इसके जवाब में भाजपा ने सरकार बनने पर गोगो दीदी योजना लागू करने का वादा किया, जिसमें हर महीने 21 सौ रुपये खाते में भेजे जाने की बात कही गयी। इसके बाद सत्ता पक्ष ने चुनाव बाद दिसंबर महीने से मंईयां सम्मान योजना की राशि को एक हजार से बढ़ा कर ढाई हजार रुपये करने का फैसला किया और यह रकम दिसंबर से खाते में भेजने की घोषणा की गयी। इन दोनों योजनाओं ने चुनाव प्रचार अभियान को कौन कितना रुपया दे रहा है जैसे सवालों में उलझा कर रख दिया। इसके अलावा सत्ता पक्ष की तरफ से सर्वजन पेंशन योजना, बिजली बिल माफी योजना और कृषि ऋण माफी योजना को अपनी उपलब्धियों के रूप में गिनाया जाने लगा, तो विपक्ष की तरफ से केंद्र सरकार की योजनाओं को सामने रखा जाने लगा। दूसरे शब्दों में कहें, तो चुनाव प्रचार का फोकस आर्थिक लाभ और रेवड़ियों पर हो गया।

ऐसे में भाजपा ने अब अपना संकल्प पत्र जारी किया है और इसके अलावा अब तक सात प्रण जारी किये हैं। इनमें से दो प्रण अब प्रचार अभियान में हलचल मचा रहे हैं। इनमें पहला है सहारा निवेशकों का पैसा लौटाने का वादा और दूसरा है झारखंड के पारा टीचरों, सहायक पुलिसकर्मियों और अनुबंधकर्मियों की सेवा को स्थायी करना।

## क्या है सहारा निवेशकों वाला संकल्प

भाजपा ने कहा है कि यदि उसकी सरकार बनी, तो वह सहारा के निवेशकों का पैसा लौटायेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह यह संकल्प व्यक्त कर गये हैं। झारखंड समेत पूरे देश में सहारा इंडिया में निवेश करनेवालों की संख्या करीब 10 करोड़ है। इनके करीब 25 हजार करोड़ रुपये फंसे हुए हैं। झारखंड में सहारा में निवेश करनेवालों की संख्या करीब 24 लाख है और इनका करीब 11 सौ करोड़ रुपया फंसा हुआ है। भाजपा ने पहली बार यह रकम वापस दिलाने का वादा किया है। इस मुद्दे की खास बात यह है कि इससे हर जाति, वर्ग, संप्रदाय और आयवर्ग के लोग प्रभावित हैं। झारखंड में तो निम्न से लेकर उच्च आय वर्ग के लोगों की रकम भी फंसी हुई है। भाजपा ने यह वादा कर एक झटके में उन तमाम लोगों की उम्मीदें जगा दी हैं।

## पारा टीचरों, सहायक पुलिसकर्मियों और अनुबंधकर्मियों के लिए घोषणा

भाजपा ने पारा टीचरों को स्थायी करने का संकल्प व्यक्त कर झारखंड के 65 हजार परिवारों में खुशी की लहर दौड़ा दी है। राज्य में स्कूली शिक्षा की रीढ़ बन चुके ये पारा टीचर पिछले करीब 12 साल से आंदोलनरत हैं। इनकी समस्याओं पर कई बार बात हुई, लेकिन कभी इसका समाधान करने की गंभीर कोशिश नहीं हुई।

इसके अलावा पार्टी ने साढ़े तीन हजार सहायक पुलिसकर्मियों और करीब साढ़े छह लाख अनुबंधकर्मियों की सेवा को स्थायी करने का वादा कर उनमें भी उम्मीद की नयी किरण जगा दी है। इस एक संकल्प की खास बात यह है कि इसने राज्य के हर पांचवें मतदाता को किसी न किसी रूप से प्रभावित किया है। दूसरे शब्दों में इसका मतलब यह है कि भाजपा की इस घोषणा ने राज्य के मतदाताओं को आकर्षित किया है।

## सत्ता पक्ष की रणनीति

जाहिर है कि भाजपा के इन दो संकल्पों ने चुनाव प्रचार की दिशा-दशा बदल दी है। ऐसे में अब सत्ता पक्ष द्वारा अपनायी जानेवाली रणनीति पर गौर किया जा रहा है। जानकारों का मानना है कि सत्ता पक्ष, खास कर झामुमो की तरफ से इन दो संकल्पों के जवाब में नयी योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, ताकि मतदाताओं के मन में अपने प्रति विश्वास जगाया जा सके। सत्ता पक्ष के लिए ऐसा करना जरूरी हो गया है, क्योंकि अब प्रचार अभियान का रुख एक नये क्षितिज की ओर बढ़ चुका है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि सत्ता पक्ष की तरफ से कौन सा जवाबी हथियार मैदान में उतारा जाता है।

# कांग्रेस ने जिस राज्य में सरकार बनायी है, उस राज्य का विनाश ही हुआ: चंपाई



- पांच माह में मैंने जो भी योजना शुरू की, उसे हेमंत सोरेन सरकार ने धरातल पर उतरने नहीं दिया
- संथाल परगना घुसपैठियों से भर गया है, झारखंड को बचाना है तो भाजपा को वोट दें
- गंधानिया हाट मैदान में भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के समर्थन में की चुनावी सभा

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला प्रखंड के दामपाड़ा गंधानिया हाट मैदान में भारतीय जनता पार्टी का चुनावी सभा का आयोजन किया गया। इस चुनावी सभा में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि साढ़े 4 साल में हेमंत सरकार आदिवासी मूलवासियों के लिए कुछ काम नहीं किया। मैं हमेशा सरकार में रहने के बाद भी आलोचना करता था, लेकिन मेरी बात कोई नहीं सुनता था। मुझे 5 महीना काम करने का मौका मिला। मैंने झारखंड के विकास के लिए कई तरह की योजनाओं को लागू करने का प्रयास किया, लेकिन उन योजनाओं को धरातल पर उतरने नहीं दिया गया। झारखंड की बहू-बेटियों के लिए मंईयां सम्मान योजना मेरी देन है। इस योजना को अपना बताकर एवं ताल ठोकर हेमंत सरकार जनता के बीच जाकर वोट मांग रही है। अगर झारखंड का विकास कोई पार्टी कर सकती है तो भाजपा ही है। चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए कई महापुरुषों ने अपने बलिदान दिये, लेकिन उनके बलिदान को सम्मान भारतीय जनता पार्टी ने दिया। जब भाजपा की सरकार बनी केंद्र में तो उन्होंने झारखंड अलग राज्य दिया। 2024 में भाजपा की सरकार बनेगी तो झारखंड के आदिवासी मूलवासियों के विकास के लिए सभी योजनाओं को धरातल पर उतारा जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जिस-जिस राज्य में गंठबंधन की सरकार बनायी, उस राज्य का विनाश ही हुआ। कांग्रेस पार्टी हमेशा झारखंड अलग राज्य का विरोध किया था। अलग राज्य की मांग करने वाले महापुरुषों के ऊपर गोलियां बरसायी गयी थीं। उन्होंने कहा कि झारखंड का संथाल परगना घुसपैठियों से भर गया है। आदिवासी अपना अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। झारखंड के संथाल परगना में कुछ महीना पहले आदिवासी महिला के टुकड़े-टुकड़े किये गये, लेकिन हेमंत सरकार चुप है, इसलिए झारखंड को बचाना है तो भाजपा को वोट देना है।

घाटशिला विधानसभा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के लोगों को भाजपा ने ही सम्मान दिया है। जब केंद्र में भाजपा सरकार बनी तो उन्होंने झारखंड राज्य अलग मांग को स्वीकार करते हुए अलग राज्य दिया। इस अवसर पर भोगेन सोरेन, गीता मुर्मू, पार्षद देवयानी मुर्मू, मनोज प्रताप सिंह, मंगल मार्डी, करुणा कर महतो, रमेश माजी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने मंगलवार को रांची एयरपोर्ट पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। जानकारी के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। राजनाथ सिंह लोहरदगा में आजसू उम्मीदवार नीरू शांति भगत और रांची से भाजपा उम्मीदवार नवीन जायसवाल के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।



# भाजपा ने 30 बागियों को दिखाया बाहर का रास्ता

## छह वर्षों के लिए किया निष्कासित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशन पर महामंत्री और सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने विधानसभा चुनाव में अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ नामांकन कर पार्टी की नीतियों के विरुद्ध विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे 30 भाजपा के बागी नेताओं को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित किया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार जिनको पार्टी से निष्कासित किया गया है। उनमें चंद्रमा कुमारी पलामू, कुमकुम देवी हजारीबाग, लक्ष्मी देवी पलामू, जूली यादव दुमका, बलवंत सिंह लातेहार, अरविंद सिंह खरसावां, बटेश्वर मेहता हजारीबाग, भैय्या बांके बिहारी हजारीबाग, चितरंजन साव बोकारो, कर्नल संजय सिंह पलामू, हर्ष अजमेरा हजारीबाग, हजारी प्रसाद साहू रांची ग्रामीण, मिसिर कुजूर गुमला, मिस्त्री सोरेन



पाकुड़, मुकेश कुमार शुक्ला पाकुड़, पुष्परंजन पलामू, राजकुमार सिंह जमशेदपुर महानगर, रामावतार केरकेट्टा रांची ग्रामीण, रामदेव हेंब्रम पूर्वी सिंहभूम, रामेश्वर उरांव लोहरदगा, संतोष पासवान लातेहार, शिवचरण महतो पाकुड़, शिवशंकर बड़ाइक खूंटी, शिव शंकर सिंह जमशेदपुर, सुरेंद्र मोदी हजारीबाग, उपेंद्र यादव गढ़वा, उमेश भारती चतरा, विकास सिंह जमशेदपुर महानगर, विमल बैठा जमशेदपुर महानगर, विनोद सिंह पलामू को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित किया है।

# अवैध खनन मामले में सीबीआइ का 20 ठिकानों पर सर्च अभियान

## एक किलो सोना, डेढ़ किलो चांदी और 60 लाख रुपये, 61 जिंदा कारतूस बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले सीबीआइ की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार को सीबीआइ की टीम ने 1250 करोड़ के अवैध खनन मामले में झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार में कुल 20 ठिकाने पर सर्च किया है। सर्च के दौरान सीबीआइ की टीम ने 60 लाख रुपये और एक किलो सोना, डेढ़ किलो चांदी और 61 जिंदा कारतूस बरामद किये हैं। जिन 20 ठिकानों पर सीबीआइ की टीम ने छापेमारी की। उनमें 11 साहिबगंज, तीन रांची, एक कोलकाता और पटना में ठिकाना शामिल है।

**क्या है मामला :** बता दें कि नींबू पहाड़ पर अवैध खनन मामले की सीबीआइ जांच कर रही थी। वहां के प्रधान विजय हांसदा इस मामले में गवाह थे। लेकिन बाद में वो मुकर गये। हजार करोड़ अवैध खनन घोटाला मामले में आरोपी बनाये गये विभिन्न व्यक्तियों के खिलाफ जांच की जा रही थी। इस मामले में इडी के बाद सीबीआइ ने अपने एफआइआर में बड़े मुख्य आरोपी पंकज मिश्रा, विष्णु कुमार यादव, पवित्तर कुमार यादव, राजेश यादव, संजय कुमार यादव, बच्चू यादव, संजय यादव, सुवेश मंडल समेत कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। साहिबगंज के मुफस्सिल थाना में विजय हांसदा द्वारा दर्ज कोर्ट कंप्लेन और एसटी-एससी थाने में दर्ज केस को सीबीआइ ने टेकओवर कर लिया था। सीबीआइ के चर्चित डीएसपी कृष्ण कुमार सिंह को केस का आइओ बनाया गया। साथ ही साहिबगंज में अवैध खनन के मामले में झारखंड माइंस एंड मिनरल्स एक्ट, आर्म्स एक्ट और एसटी-एससी एक्ट की संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

### इन लोगों से जुड़े ठिकाने पर सीबीआइ ने सर्च किया

- प्रेम प्रकाश: रांची
- सीए जयपुरियार: रांची
- महताब आलम: राजमहल
- रंजन वर्मा: साहिबगंज
- संजय जायसवाल: साहिबगंज
- सुब्रतो पाल: साहिबगंज
- टिंकल भगत: साहिबगंज
- अवध किशोर सिंह: साहिबगंज
- भगवान भगत: साहिबगंज
- कृष्णा शाह: साहिबगंज
- विभूति कुमार: रांची, पूर्व जिला खनन पदाधिकारी




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.0 °c | 17.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.08 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.56 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 06 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in


### शिवराज सिंह चौहान ने सारठ, दुमका और मधुपुर में की जनसभा

# झारखंड पर ग्रहण बनकर लगे हुए हैं हेमंत सोरेन : शिवराज सिंह

- जेएमएम सरकार, गरीब जनता की कमाई तक डकार गयी
- झारखंड में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं और सोरेन सरकार सो रही है
- झारखंड में अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड-केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को झारखंड की सारठ विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रणधीर कुमार सिंह, दुमका से प्रत्याशी सुनील सोरेन और मधुपुर से भाजपा उम्मीदवार गंगा नारायण सिंह के समर्थन में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान शिवराज सिंह ने सभी देशवासियों को छठ पर्व प्रारंभ होने की शुभकामनाएं दीं। वहीं शिवराज सिंह ने जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि, इस गठबंधन सरकार ने झारखंड जैसे सुंदर राज्य को लूटकर खोखला कर दिया है। झारखंड में जेएमएम सरकार, बालू, पत्थर, खनिज और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए केंद्र से भेजी गयी करोड़ों की राशि डकार गयी। प्रदेश की जनता त्राही-त्राही कर रही है और इनके नेता मंत्रियों के घरों से नोटों के पहाड़ बरामद किये जा रहे हैं। ये पैसा हेमंत सोरेन का नहीं बल्कि झारखंड के लोगों की खून-पसीने की कमाई का पैसा है। इसलिए इस बार झारखंड से जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकना है और झारखंड में सुशासन स्थापित करना है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार के रहते झारखंड की जनता सुखी नहीं है। हेमंत सोरेन तो झारखंड पर ग्रहण बनकर लग गये हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस गठबंधन ने पूरे झारखंड को बर्बाद करने का पाप किया है। शिवराज सिंह ने कहा कि, यहां किसी थाने, तहसील, ब्लॉक और सरकारी दफ्तरों में बिना लेन-देन के कोई काम नहीं होता है।

**झारखंड में कानून व्यवस्था ध्वस्त है :** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था ध्वस्त है, मां, बहन, बेटियों का सम्मान सुरक्षित नहीं है। झारखंड की धरती पर 7 हजार 400 से ज्यादा बलात्कार की घटनाएं हुई हैं। रूबिका पहाड़िया, अंकिता जैसे बेटियों की निर्मम हत्या की जा रही है। अपहरण, छेड़छाड़ और गंभीर अपराध भी आये दिन हो रहे हैं, लेकिन हेमंत सोरेन गहरी नींद में सो रहे हैं। जिस धरती पर मां-बहन और बेटी का सम्मान नहीं वो धरती कभी सुखी नहीं रह सकती है। यहां तो ये सरकार सीता सोरेन का भी अपमान करती है, उनके लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। **जेएमएम के वोटबैंक हैं घुसपैठिए :** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, झारखंड में विदेशी घुसपैठिए आ रहे हैं, ये जेएमएम की सरकार ही घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। वोटर लिस्ट में उनके नाम लिखवाए जा रहे हैं, उनके आधार कार्ड तक बनवाये जा रहे हैं, क्योंकि घुसपैठिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के वोट बैंक है। ये विदेशी घुसपैठिए हमारी आदिवासी बेटियों को भ्रम के जाल में फंसाकर उनसे शादी कर रहे हैं। जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं, पंचायतों पर कब्जा कर रहे हैं। शिवराज सिंह ने कहा कि, झारखंड वासियों ये चुनाव केवल किसी सत्ता के स्वर्ण सिंहासन पर बैठने का चुनाव नहीं है बल्कि ये चुनाव झारखंड की धरती को संकट से बचाने का चुनाव है।

### बहनों की जिंदगी संवारना भाजपा का संकल्प

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, हेमंत सोरेन ने पांच साल पहले महिलाओं से वादा किया था कि, उन्हें प्रति माह 2 हजार रुपये चूल्हा खर्च के लिए दिये जायेंगे। 4 साल 10 महीने तो तुछ नहीं दिया और चुनाव के आते ही बहनों के खाते में वोटों के लालच में 1 हजार रुपये की राशि डाल दी। शिवराज सिंह ने कहा कि, हर महीने 2 हजार रुपये के हिसाब से एक साल का 24 हजार रुपये होता है, और पांच साल का 1 लाख 20 हजार रुपये होता है, लेकिन हेमंत सोरेन ने अब तक केवल 2 हजार रुपये ही बहनों के खाते में डाले हैं। पहले हेमंत सोरेन बतायें कि, 1 लाख 18 हजार रुपये कहां गये, उसका हिसाब दें। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि, जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार है वहां बहनों को खाते में सम्मान राशि दी जा रही है। मध्यप्रदेश में लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत बहनों के खाते में हर महीने राशि डाली जा रही है। वहीं छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, असम और ओड़िशा में अलग-अलग नामों से योजनाएं चलायी जा रही हैं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनते ही हर बहन के खाते में हर 11 तारीख को 2100 रुपये की सम्मान राशि डाली जायेगी। झारखंड की बहनों की आंखों में आसू क्यों रहे, उन्हें भी मुस्कुराने का अधिकार है। महिला सशक्तिकरण, भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है।

# नहाय खाय के साथ छठ महापर्व शुरू, खरना आज

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मंगलवार से लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ शुरू हो गया। पहले दिन व्रतियों ने स्नान करने के बाद सात्विक भोजन, कद्दू भात, चना दाल आदि का सेवन किया। बुधवार को खरना है। दिनभर उपवास के बाद शाम में व्रती खीर-पूड़ी का प्रसाद करेंगे। आसपास के लोग और रिश्तेदार भी प्रसाद ग्रहण करने आयेंगे। गुरुवार को व्रती शाम में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देंगे और शुक्रवार की सुबह उदयमान सूर्य को अर्घ्य देंगे। इसके बाद पारन करेंगे। इसके साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा। छठ को लेकर हर जगह घाटों की साफ-सफाई और सजावट का काम चल रहा है। सरकार के साथ-साथ स्वंयसेवी संगठन इस काम लगे हुए हैं। घाटों को सुंदर ढंग से सजाया जा रहा है। रांची में कई स्थानों पर सजावट का काम अंतिम चरण में हैं।

छठ महापर्व के अवसर पर रांची के रातू, सिमलिया, नयाटोली निवासी संजू झा ने अपने आवास पर छठ महापर्व की शुरुआत नहाय खाय के साथ शुरू की। इस अवसर पर राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने छठ पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि छठ पूजा सूर्य, प्रकृति, जल, वायु और उनकी बहन छठी मैया को समर्पित है। मौके पर राहुल झा, अनीता देवी, तन्वी झा, पल्लवी झा, रूबी सिंह ,रेणु झा, बॉबी झा, जानकी झा, रुचिका झा,सुरुचि झा, दीक्षा, साक्षी आदि शामिल थे।

# हेमंत के हेलिकॉप्टर को रोक कर उनकी जान को खतरे में डालने की साजिश रची गयी : सुप्रियो

- जेएमएम ने राष्ट्रपति को पत्र लिख कर शिकायत की, चुनाव आयोग से भी शिकायत की है
- चुनाव आयोग ने यूपी में कार्तिक पूर्णिमा को लेकर चुनाव की तिथि को आगे बढ़ा दिया, लेकिन झारखंड में नहीं बढ़ाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएमएम के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को प्रेसवर्ता में कहा कि पीएम की सुरक्षा का हवाला देकर हेमंत सोरेन के हेलिकॉप्टर को रोक दिया गया। जबकि नियम के मुताबिक हेमंत के हेलिकॉप्टर को तय सीमा और परिधि के बाहर से उड़ान भरना था। कहा कि इसके लिए हमने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर शिकायत की है। ये एक गंभीर मामला है। ये एक प्रकार से हेमंत सोरेन को जनता की पहुंच से दूर करने का मामला है। उनकी सुरक्षा से जुड़ा मामला है। कहा, हमारा मानना है कि इस मामले में हेमंत सोरेन की सुरक्षा को खतरा था। इसके पीछे एक साजिश है। ऐसे इलाके में हेलिकॉप्टर को डेढ़ घंटे रोका गया जहां से कम्युनिकेशन का कोई साधन नहीं था। कहा कि ये गंभीर मामला है। सीएम हेमंत सोरेन हमारे स्टार प्रचारक हैं, उनकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया गया। आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने इसका गंभीरता से संज्ञान नहीं लिया। कहा, हम पहले से कहते आ रहे हैं कि चुनाव आयोग और बीजेपी में घनिष्ठता है। जेएमएम नेता ने आगे कहा, चुनाव आयोग से हमने पहले ही कहा था, त्योहारों को देखते हुए चुनाव की तिथियों को आगे बढाया जाये। लेकिन हमारी एक भी नहीं सुनी गयी। अब इसी चुनाव आयोग ने यूपी में कार्तिक पूर्णिमा को लेकर चुनाव की तिथि को आगे बढ़ा दिया है। कहा कि जबकि यूपी में उपचुनाव में होने वाले हैं। कहा कि अयोध्या में ये लोग चुनाव हार गये। फिर से इनको यूपी के उपचुनाव में हार का डर सताने लगा है इसलिए तिथियों का ये खेल चल रहा है। कहा अयोध्या में जनता ने बता दिया कि राजनीति में अगर धर्म को मिलायेंगे तो, ये जनता को बर्दाश्त नहीं होगा।

सुप्रियो ने कहा कि यहां भी बीजेपी नेताओं की ओर से मुसलमानों को लेकर धार्मिक बयान दिये जा रहे हैं। इतना होने पर भी चुनाव आयोग खामोश है। सीएम को खतरे में डाल दिया गया, इस पर भी चुनाव आयोग खामोश है। पीएम की सुरक्षा के नाम पर पूरे झारखंड को एरियर अरेस्ट कर लो।

सुप्रियो ने कहा, चुनाव आयोग का जो पूरा रवैया है, ये गंभीर सवाल पैदा करता है। कहा हमारे मामले में चुनाव आयोग का अलग रुख है। बीजेपी के मामले में अलग रुख है। कहा हिंदुओं का महापर्व छठ शुरू हो गया। एक बड़ी आबादी राज्य से बाहर चली गयी। 12-13 नवंबर को उनको लौटना है। कहा कि इस तरह उनको मताधिकार से वंचित किया जा रहा है। आरोप लगाया कि यूपी की तरह ही हरियाण की चुनाव की तिथियों को बदला गया और नतीजों को अपने फेवर में किया गया। कहा कि यही साजिश यूपी में भी रची जा रही है। वहां अगर 10 नवंबर को चुनाव होता, उसका जो ट्रेंड सामने आता, तो झारखंड में तो चुनाव हार ही रहे हैं, महाराष्ट्र में भी इसका असर होता। इनकी दूसरी नीति है किसी तरह हमारे सीएम को चुनाव प्रचार से रोका जाये। उनको डराया जाये। आतंकित किया जाये। कहा, जहां-जहां जंगल में सीएम का हेलिकॉप्टर जायेगा, वहां उनको रोकने की साजिश हो रही है। कहा कि आपने एक आदिवासी को राष्ट्रपति बनाया। लेकिन इसी आदिवासी के एक बेटे हेमंत सोरेन की जान को आप खतरे में डाल रहे हैं। ये गंभीर मुद्दा है।

# हेमंत सोरेन को जनता के पास जाने से रोका जा रहा है : महुआ माजी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पीएम मोदी की सुरक्षा के कारण के तहत सीएम हेमंत सोरेन के हेलिकॉप्टर की उड़ान में देरी के मामले पर जेएमएम द्वारा राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग पर रांची से जेएमएम प्रत्याशी महुआ माजी ने कहा कि हेमंत सोरेन को जनता के पास जाने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर चुनाव आयोग से पहले से अनुमति ली जाती है। वोटिंग में अब कुछ ही समय रह चुका है। ऐसे में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्टार प्रचारक हैं और जेएमएम सहित वे इंडिया गठबंधन के लिए प्रचार कर रहे हैं। एक दिन में उनके 6-7 कार्यक्रम होते हैं ऐसे में उन्हें 2 घंटे के लिए बिठाकर रखा जाये तो इसके कारण जो दिक्कतें आयी हैं, उसकी गुहार वे किसके पास लगायेंगे? लोकसभा चुनाव के समय उन्हें इडी ने 5 महीने तक जेल में रखा बाद में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है। अब इस चुनाव में भी ऐसा होगा तब वे जनता के पास कैसे जायेंगे।

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा के मद्देनजर सीएम हेमंत सोरेन के हेलिकॉप्टर की उड़ान में देरी के बाद जेएमएम ने राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग की।

### हेमंत का हेलिकॉप्टर रोके जाने का मामला

# सीइओ ने हवाई अड्डा निदेशक से मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा में खड़े सभी प्रत्याशियों के लिए एक समान अवसर उपलब्ध करने के उद्देश्य से राज्य में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन कराया जा रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा उनके स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन का हेलिकॉप्टर रोके जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। संबंधित मामले पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के निदेशक को 6 नवंबर पूर्वाह्न तक वस्तुस्थिति से अवगत कराने को लेकर पत्र लिखा गया है।

उन्होंने कहा है कि इस तरह की स्थिति उत्पन्न न हो और कोई संवादहीनता न रहे। इस बात को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट ऑथोरिटी के साथ 23 अक्टूबर को निर्वाचन सदन में राजनीतिक दलों संग एयरपोर्ट ऑथोरिटी की बैठक भी आयोजित की गयी थी। बैठक में सभी राजनीतिक दलों को एयरपोर्ट ऑथोरिटी के वीआइपी मूवमेंट से संबंधित दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए संशय की स्थिति में संपर्क करने हेतु नंबर भी साझा किये गये थे। ताकि विधानसभा निर्वाचन में सभी के लिए एक समान अवसर प्राप्त हो।


**Format C-1**

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25 th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr)

Name and address of candidate **BIHARI KUMAR**, At-**Kedla Basti**, **Near Hanuman Mandir, Mandu**, Dist-**Ramgarh (Jharkhand)-825325.**

Name of political party: **JLKM**

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election **GENERAL ASSEMBLY ELECTION 2024 (JHARKHAND)**

Name of Constituency :- **24, MANDU (JHARKHAND)**

I, **BIHARI KUMAR** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal Cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of case (s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ACJM, RAMGARH | Mandu P.S. 98/2024 | CHARGE SHEET SUBMITTED | U/S 120(B), 414of the IPC & 30(ii) Coal Mines Act |
| 2. | ACJM, RAMGARH | Mandu P.S. 86/2022 | CHARGE SHEET SUBMITTED | U/S 147, 149, 341, 323 of the IPC |
| 3. | J.M. 1st CLASS RAMGARH | Mandu P.S. 142/2021 | CHARGE SHEET SUBMITTED | U/S 365, 511, 120 (B) of the IPC |

(B) Details about case of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of office(s) punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NIL | NIL | NIL |
| NIL | NIL | NIL | NIL |
| NIL | NIL | NIL | NIL |

In the case of election to Council of States or election of Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Sd/-**
**BIHARI KUMAR**
**JLKM**
**ASSEMBLY ELECTION 2024 JHARKHAND**



**Format C-1**

**Declaration about criminal case**

(As per the judgment dated 25 th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr)

Name & address of candidate : **PANESHWAR KUMAR**, Village-**Kaitha, Ps+Dist.- Ramgarh (Jharkhand)**

Name of Political Party: **JLKM**

*(Independent candidates should write "independent" here*

Name of Election : **ASSEMBLY ELECTION 2024 JHARKHAND**

Name of Constituency : **23- RAMGARH**

**I Paneshwar Kumar** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal Cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of case (s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ACJM, Ramgarh | Mandu (Kujju) 58/2023 | Charge | U/S 147, 148, 149, 341, 342, 385, 504, 506, I.P.C |
| 2. | CJM, Ramgarh | Ramgarh 145/2023 | Apprenc | U/S 143, 149, 188, 283, 341, 504, 506, I.P.C |
| 3. | CJM, Ramgarh | Rajrappa 55/2023 | Apprenc | U/S 143, 145, 149, 188, 186, 353 I.P.C |

(B) Details about case of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of office(s) punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NIL | NIL | NIL |
| NIL | NIL | NIL | NIL |
| NIL | NIL | NIL | NIL |

In the case of election to Council of States or election of Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Sd/-**
**PANESHWAR KUMAR**
**JLKM**
**ASSEMBLY ELECTION 2024 JHARKHAND**

# भाजपा देश में सुरक्षा की गारंटी देती : योगी

संजीव



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को कोडरमा के डोमचांच स्थित महिला महाविद्यालय मैदान में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर जोरदार निशाना साधा। योगी आदित्यनाथ ने मुगल शासक औरंगजेब का जिक्र करते हुए जेल में बंद कांग्रेस नेता आलमगीर आलम पर हमला किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक औरंगजेब था जिसने देश को लूटा, एक आलमगीर है जिसने झारखंड को लूट लिया। उनके घर से नोटों की गड्डियां मिली थी। सभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, भाजपा देश की सुरक्षा की गारंटी है, देश के स्वाभिमान की गारंटी है, युवाओं के रोजगार की गारंटी है, महिलाओं के लिए सम्मान और स्वालंबन की गारंटी है, विरासत और विकास के समंवय की गारंटी भी है। अयोध्या में अब 500 वर्षों के बाद भव्य दीपोत्सव मनाया गया। हर भारतवासी के लिए इससे ज्यादा सम्मान और क्या हो सकता है। सीएम योगी ने झारखंड के लोगों ने चुनाव के बाद अयोध्या जाने की गुजारिश की। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माफियाओं को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद यूपी में जो बुलडोजर चलना शुरू किया, उसके बाद से कुछ जेल में हैं और कुछ का राम नाम सत्य हो गया। यूपी से माफिया का सफाया हो गया है। उन्होंने कहा कि जैसे गधे के सिर से सींग गायब हो जाता है ऐसे ही अब यूपी में माफिया गायब हो गए हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पार्टी झामुमो पर निशाना साधते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जेएमएम वाले सरकारी नौकरी नहीं दे पा रहे है। भर्ती नहीं करवा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा देश में सुरक्षा की गारंटी देती है। देश की सुरक्षा से समझौता नहीं कर सकते है। उन्होंने कहा कि यह शहीदों की पावन धरा है, मैं पावन धरा को प्रणाम करने पहुंचा हूं। आज से छठ पर्व शुरू होने जा रहा है, छठ माई आप सबके जीवन में खुशहाली लायें, इसकी भी कामना करता हूं। उन्होंने लोगों से हाथ उठवाकर कोडरमा में भाजपा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव और बरकट्ठा से अमित यादव को वोट देने की अपील की। सभा को कोडरमा सांसद और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा प्रत्याशी और विधायक डॉ नीरा यादव, बरकट्ठा के अमित यादव ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी तथा संचालन महामंत्री शिवेन्द्र नारायण सिन्हा ने किया। कार्यक्रम को रामचंद्र सिंह, डॉ नरेश पंडित, प्रदीप केडिया, रवि मोदी, अम्बिका सिंह, श्यामसुंदर सिंघानिया, महेंद्र वर्मा, सत्यनारायण यादव, आत्मानंद पांडेय ने भी सम्बोधित किया।

## कार्यकर्ता थे मौजूद

महंत योगी आदित्यनाथ की आज की सभा मे झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, सरोज सिंह, अंबिका सिंह, अशोक आर्या, सत्यनारायण यादव, आत्मानंद पांडेय, अविनाश सेठ, शंकर साव, श्याम सुन्दर सिंघानिया, महेंद्र वर्मा, मुकेश राम, राजकुमार यादव, संजीव समीर, विनोद कुमार मुन्ना, महेंद्र प्रसाद यादव, अजीत बरनवाल, विकास कुमार, विजय यादव, चंद्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नू, वीरेंद्र सिंह, प्रकाश राम, शशि भूषण प्रसाद, अरशद खान, प्रभाकर लाल रावत, रामचंद्र राम, वासुदेव यादव, राजेश सिंह, सुनीति सेठ, अजय पांडेय, महेश वर्मा, सुरेंद्र यादव, बालमुकुंद सिंह, विजय राणा, राजेंद्र सिंह, द्वारिका राणा, संजीव यादव, देवनारायण मोदी, संगीता शर्मा, अरविन्द सिंह, कैलाश चौधरी, पंकज दुबे, नवीन केसरी, दिनेश सिंह, भरतलाल मेहता, सुदेश मोदी, नरेन्द्र पाल, प्रेमान्सु कुमार, बैजनाथ यादव, अजीत चौधरी, जितेंद्र पासवान, देवेन्द्र कुमार, परमेश्वर यादव, राजेंद्र सिंह, रमेश हर्षधर, सचिदानंद गांधी, जुहीदास गुप्ता समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## बरकट्ठा में कुएं में डूबने से महिला की मौत

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तुर्कबाद गांव में एक महिला का कुएं में डूबकर सदिंग्ध मौत का मामला प्रकाश में आया है।घटना दो दिन पहले की है मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।मृतक संजू देवी 21 पति मुकेश साव ग्राम तुर्कबाद थाना बरकट्ठा निवासी है।पुलिस के मुताबिक पीड़ित परिवार की ओर से थाने में कोई आवेदन नही दिया गया।बताया कि आवेदन प्राप्त होने पर अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।

## झारखंड प्राइवेट स्कूल ने निकाली प्रभातफेरी




**चलकुशा (हजारीबाग)।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन, प्रखंड चलकुशा के बैनर तले प्रखंड के सभी निजी स्कूलों ने मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक प्रभातफेरी का आयोजन किया। इस अभियान में प्रखंड अध्यक्ष अमरजीत कुमार के नेतृत्व में सभी स्कूलों के शिक्षक, शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।प्रभातफेरी का शुभारंभ सुबह के समय हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने हाथों में मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर और बैनर लेकर लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया। इस अवसर पर हॉलि एंजल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्रीकांत ठाकुर, सरस्वती विद्या निकेतन के प्राधानाचार्य दिलीप पांडेय, ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नीरज सिंह, गैलेक्सी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य निकेश कुमार,नेताजी सुभाष चंद्र बोस पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य प्रभाकर कुमार , ग्लोरियस पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य ब्रह्मदेव रजक , एस एन पब्लिक स्कूल के निदेशक पिंटू मोदी , स्वामी विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के प्रधानाचार्य मिथिलेश कुमार , एमएम पब्लिक स्कूल के निर्देशक मो० दानिश सहित अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र शामिल थे। प्रभातफेरी के दौरान प्रतिभागियों ने नारे लगाए, जैसे - पहले मतदान , फिर जलपान ₹सशक्त लोकतंत्र की यही पहचान, सभी करें मतदान, मतदान करें, देश बनाएं, और ₹हर वोट कीमती है₹। इन नारों से जनता में जागरूकता और जोश का माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम के अंत में प्रखंड अध्यक्ष अमरजीत कुमार ने सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का वोट देश और राज्य के भविष्य को तय करता है। उन्होंने सभी को आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया और लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित करें। झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के इस प्रयास की स्थानीय निवासियों और अन्य संगठनों ने सराहना की। इस तरह के जागरूकता अभियान न केवल लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हैं, बल्कि लोकतंत्र को भी सशक्त बनाते हैं।

## अनियंत्रित ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, चालक की मौत

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** केरेडारी थाना क्षेत्र के सीकरी ओपी अंतर्गत पतरा पुल के नीचे ट्रक पलटने से चालक की घटनास्थल पर मौत हो गयी। यह घटना मंगलवार की अहले सुबह की है मृतक पदमा थाना क्षेत्र के दोनय कला गांव निवासी अशोक यादव उम्र लगभग 49 वर्ष है। सूचना मिलते ही सीकरी ओपी प्रभारी सुनील कुमार सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया। इस बाबत पदमा थाना क्षेत्र के दोनय खुर्द गांव निवासी ट्रक मालिक रणजीत दास के पिता रामेश्वर राम ने बताया कि चालक हजारीबाग से कोयला लोड करने के लिए आम्रपाली कोल माइंस जा रहा था, उसी क्रम में पतरा पुल में यह दुर्घटना हो गयी।

## बटेश्वर मेहता ने सैकड़ों समर्थकों संग किया इलाके का दौरा, मांगा समर्थन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने मंगलवार को सैकड़ों समर्थकों संग पूरे विधानसभा का दौरा किया। उनका काफिला इचाक से निकल बरकट्ठा पहुंचा। वहां कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित थे। बटेश्वर मेहता का काफिला बरकट्ठा के बाद चलकुसा पहुंचा, वहां भी समर्थकों ने स्वागत किया। बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि पूरे विधानसभा में परिवर्तन की लहर है, जनता इस बात मन बना चुकी है। इस बार फिर निर्दलीय की जीत होगी। जनता टेंपो पर वोट देने का मन बना चुकी है। इस दौरान युवा नेता गौतम कुमार और निर्दलीय प्रत्याशी सुजीत कुमार ने बटेश्वर प्रसाद मेहता को समर्थन किया और उनके लिए वोट मांगे। गौतम कुमार ने कहा कि मैं भी पांच साल तक क्षेत्र में रह कर जनता के सुख दुख में शामिल रहा हूं। मैं बरकट्ठा की तमाम जनता से बटेश्वर प्रसाद मेहता के पक्ष में मतदान की अपील कर रहा हूं। क्योंकि हर कोई चाचा भतीजा के तिलिस्म को तोड़ना चाहता है, जिसमें मैं भी शामिल हूं। मौके पर जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता, प्रदीप मेहता, अर्जुन मेहता, प्रभात, मौलाना मुख्तार, ओमप्रकाश मेहता, मुन्ना मल्लिक,भागवत मेहता, हकीक शाह, कृष्णा सिंह समेत बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित थे।

## हर्ष अजमेरा ने की पदयात्रा, मांगा समर्थन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने शहर में पदयात्रा कर समर्थन मांगा। यह पदयात्रा डिस्टिक मोड से शुरू होकर विभिन्न मुख्य मार्गों और चौक चौराहों से गुजरती हुई पुराने समाहरणालय तक पहुंची। यात्रा के मार्ग में इंद्रपुरी चौक, झंडा चौक, पंचमंदिर चौक, ग्वाल टोली चौक, जय प्रकाश मार्ग, महावीर स्थान, मालवीय मार्ग, काली बाड़ी चौक और बंशीलाल चौक शामिल थे। इस दौरान हर्ष अजमेरा का जगह-जगह आत्मीयता से स्वागत किया गया। शहरवासियों ने फूल मालाओं से उनका अभिनंदन किया और उनका जोशीला स्वागत किया। युवा और बुजुर्ग सभी वर्गों के लोगों में एक अलग उत्साह और उमंग का माहौल देखा गया। हर्ष अजमेरा ने पदयात्रा के दौरान लोगों से अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। हर्ष अजमेरा ने कहा कि पदयात्रा के दौरान आप सभी से मिले आशीर्वाद और समर्थन के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं इस चुनाव में आपके भरोसे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मेरा उद्देश्य क्षेत्र का विकास करना और हर नागरिक की समस्याओं का समाधान करना है। मैंने इस पदयात्रा में महसूस किया कि शहर के लोग एक बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं, और मेरा यह वादा है कि मैं उस उम्मीद पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। आपसे मेरा आग्रह है कि इस बार क्रमांक संख्या 23 पर छड़ी छाप को समर्थन देकर मुझे सेवा का अवसर प्रदान करें।

## मतदान कर्मियों ने किया पोस्टल बैलेट से वोट

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारियों, कर्मियों का प्रशिक्षण आज इंजीनियरिंग कॉलेज कोडरमा में सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण में शामिल हुए मतदान दल के पदाधिकारियों ने इंजीनियरिंग कॉलेज कोडरमा में बनाये गए छह पोस्टल बैलेट सेंटर में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया। साथ ही सेल्फी लेकर दूसरों से भी मतदान करने की अपील किया। इसके अतिरिक्त 85 वर्ष की उम्र से अधिक और दिव्यांग (40 प्रतिशत से अधिक) मतदाताओं को होम वोटिंग के तहत पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान कराया गया।

# बड़कागांव में समाधान भवन नहीं, समस्या भवन बनाकर अवैध वसूली की जाती है : रोशन लाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** मंगलवार को चुनावी सभा संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार और वर्तमान विधायक भ्रष्टाचार के गंगोत्री में डूबे हुए हैं। और बड़कागांव में समाधान भवन नहीं समस्या भवन बनाकर क्षेत्र की कंपनियों और जनता से लूट का दुकान खोले हुए हैं, और लोगों को ठगने का काम कर रही है। बालू माफिया, जमीन माफिया, कोयला माफिया और कंपनियों से वसूली करना इस परिवार का फितरत रहा है। इस बार बड़कागांव विधानसभा की जनता ने परिवर्तन के लिए तैयार है। इसलिए उन लोगों ने सिर्फ और सिर्फ एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी को विकल्प के रूप में देख रहे हैं। इस बार भारी मतों से जीत कर झारखंड के विधानसभा में भाजपा की सरकार बनाने में सहयोग करूंगा। मैं इस परिवार को देखा है कि 15 वर्षों से किस तरह से कंपनी के नाम पर आंदोलन कर आंदोलन बेचते आया है और यहां के लोगों को गुमराह कर रही है। यह परिवार पतरातू में जमीन छीनने का खेल चालू किया वह किसी से छुपा हुआ नहीं है। रामनवमी जुलूस, यज्ञ का कलश यात्रा, विश्वकर्मा मूर्ति विसर्जन जुलूस में पत्थर बाजी कराकर तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। वर्तमान विधायक और वर्तमान सरकार हिंदू विरोधी कार्य कर रहा है। मौके पर छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, लक्ष्मीकांत वाजपेई, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, डॉ रेखा चौधरी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, आजसू केंद्रीय महासचिव विजय साहू, कौलेश्वर गंझू, आजसू हजारीबाग जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो, रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी किसलय तिवारी, बड़कागांव भाजपा पश्चिम मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, मुकुट धारी महतो, जय नारायण प्रसाद, पूनम साहू, अनिल मिश्रा, सत्येंद्र सिंह, कुणाल किशोर, राजू साव, चंदन कुमार, रामफल बेदिया, कर्मचारी साव मनोज राम, मूलचंद साहू ,सोहनलाल मेहता, महेंद्र महतो, कामेश्वर महतो, कुणाल दुबे ,तपेश्वर कुमार तापस, उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया रंजीत मेहता मुखिया अनिकेत कुमार नायक, मुखिया वासुदेव यादव, घनश्याम मेहता, उदय मेहता, अवध किशोर कुमार, सनी कुमार सहित, हजारों-हजार की संख्या में लोग उपस्थित थे।


## Format C1

### Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: **Bateshwar Prasad Mehta, Vill: Chanda, P.o+ Ps: Ichak, DIST: Hazaribag, Jharkhand-825402**
Name of political party: **INDEPENDENT**
Name of Election: **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY ELECTION 2024**
Name of Constituency: **20-Barkatha JHARKHAND**
**I Bateshwar Prasad Mehta** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:
(4)Details of permanent account number (PAN) and status of filing of income Tax return:

| Sl. No. | Names | PAN | The financial year For which the last income-tax Return has been field | Total income show in income tax return(in Rupees)for the last five financial years completed (as on the 31st march) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Self Bateshwar Prasad Mehta | AKTPM 0115B | 2024-2025 | (i) NIL<br>(ii) NIL<br>(iii) NIL<br>(iv) (2023-2024)499800/-<br>(v) (2024-2025)499950/- |
| 2. | Spouse Urmila Devi | ENIPD 1443K | NIL | (i) NIL<br>(ii) NIL<br>(iii) NIL<br>(iv) NIL<br>(v) NIL |
| 3. | Huf(if the candidate is karta or coparcener NIL | NIL | NIL | (i) NIL<br>(ii) NIL<br>(iii) NIL<br>(iv) NIL<br>(v) NIL |
| 4. | Dependent 1 NIL | NIL | NIL | (i) NIL<br>(ii) NIL<br>(iii) NIL<br>(iv) NIL<br>(v) NIL |
| 5. | Dependent 2 NIL | NIL | NIL | (i) NIL<br>(ii) NIL<br>(iii) NIL<br>(iv) NIL<br>(v) NIL |
| 6. | Dependent 3 NIL | NIL | NIL | (i) NIL<br>(ii) NIL<br>(iii) NIL<br>(iv) NIL<br>(v) NIL |

Note: It is mandatory for PAN Holder a mention pan and in case of no PAN, if should be clearly stated"NO PAN allotted

(5) Pending criminal cases
(i)I declare that there is no pending criminal case against me. (Tick this alternative if there is no criminal case pending against the Candidate and write NOT APPLICABLE against alternative (ii) below)
OR
(ii)The following criminal cases are pending against me:
(If there are pending criminal cases against the candidate, then tick this alternative and score off alternative (i) above, and give details of all pending cases in the Table below)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | FIR No. with name and address of Police Station concerned | Sadar PS case no-380/2021 | NIL | NIL |
| (b) | Case No. with Name of the Court | Miss kareti kumari S.D.J.M. hazaribagG.R.NO.305/2023 | NIL | NIL |
| (c) | Section(s) of concerned Acts/Codes involved(give no. of the Section, e.g. Section ..... of IPC, etc.). | 188 IPC 151 DM Act and 3J.S.E Act 2020 Covid-19 | NIL | NIL |
| (d) | Brief description of offence | Voilation of gas line of covod-19 | NIL | NIL |
| (e) | Whether charges have been framed (mention YES or NO) | No | NIL | NIL |
| (f) | If answer against (e) above is YES, then give the date on which charges were framed | No applicable | NIL | NIL |
| (g) | Whether any Appeal /application for revision has been filed against the proceedings (Mention) yes or no | No | NIL | NIL |

(6) Cases of conviction
(i)I declare that I have not been convicted for any criminal offence. (Tick this alternative, if the candidate has not been convicted and write NOT APPLICABLE against alternative (ii) below)
OR
(ii) I have been convicted for the offences mentioned below: NOT APPLICABLE
(If the candidate has been convicted, then tick this alternative and score off alternative (i) above, and give details in the Table below)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | Case No | NIL | NIL | NIL |
| (b) | Name of the Court | NIL | NIL | NIL |
| (c) | Section(s) of concerned Acts/Codes involved(give no. of the Section, e.g. Section ..... of IPC, etc.). | NIL | NIL | NIL |
| (d) | Brief description of offence for which coviction | NIL | NIL | NIL |
| (e) | Date order of coviction | NIL | NIL | NIL |
| (f) | Punishment imposed | NIL | NIL | NIL |
| (g) | Whether any Appeal /application for revisionhas been filed against the proceedings (Mention) yes or no | NIL | NIL | NIL |
| (h) | If answer to (g)above is YES, give details and Present status of appeal | NIL | NIL | NIL |

(6A) I have given full and up-to-date information to my political party about all pending criminal cases against me and about all cases of conviction as given in paragraphs (5) and (6)
**[candidates to whom this Item is not applicable should clearly write NOT APPLICABLE IN VIEW OF ENTRIES IN 5(1) AND 6(i), above]**

Sd0/-
**Bateshwar Prasad Mehta,**
**INDEPENDENT**
**20-Barkatha JHARKHAND**

# सोहराय मना रहे लोगों को बेकाबू बोलेरो ने रौंदा, चार की मौत

घटना गोला-रजरप्पा पथ पिपराजरा गांव की, गांव में पसरा मातम

मृतकों में एक ही परिवार के तीन लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** गोला रजरप्पा पथ पीपरा जारा गांव के समीप सोमवार साढ़े ग्यारह बजे रात सोहराय मना रहे संथाली समाज के लोगों को एक अनियंत्रित बोलेरो जे एच 01बी जी 4500 ने रोंद दिया। जिससे कारण धुमा मांझी कि पत्नी मुनिया देवी 45 वर्ष, पुतोहू बिलासी देवी एवं पोता निरंजन मांझी एवं संजय मांझी कि पुत्री रोशनी कुमारी 12 वर्ष कि दर्दनाक मौत हो गई। वहीं पंचमी कुमारी उम्र 15 वर्ष, वीणा देवी 18 वर्ष, पार्वती कुमारी, बसंती देवी, सुरज मुनि कुमारी, तालो कुमारी, हेमंती कुमारी 12 वर्ष, ठाकुरमनी देवी उम्र 50 वर्ष, उर्मिला देवी 40 वर्ष रुपाली कुमारी उम्र 12 वर्ष, लीला देवी उम्र 48 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल रामगढ़ रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि संथाली समाज के लोग रात में जमा होकर घर के बगल में सोहराय पर्व मना रहे थे। गांव के सेकड़ो लोग धुमा मांझी के घर के बाहर जमा होकर प्राकृतिक का त्यौहार मना रहे थे। इसी दौरान उक्त बोलेरो दर्जनों लोगों को रोंदते हुए शीशम के पेड़ में टकरा गया। घटना स्थल पर ही मुनिया देवी कि मौत हो गयी। वहीं घायल बिलासी देवी उसके पुत्र निरंजन कि मौत सीएचसी में इलाज के क्रम में हो गयी। वहीं रोशनी कि मौत रिम्स में इलाज के दौरान हो गयी। दूसरी ओर आक्रोशित ग्रामीणों ने बोलेरो चालक राहुल बेदिया को जमकर पिटाई कर दी। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पुलिस की सहयोग से सीएचसी गोला में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर बीडीओ सुधा वर्मा, सीओ समरेश सिंह भंडारी, इंस्पेक्टर राजेश कुमार, थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप घटनास्थल पर पहुंचे और सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा देने का आश्वासन दिया। लेकिन आक्रोशित ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हुए। ग्रामीणों ने बताया कि यह बोलोरो रजरप्पा थाना पुलिस उपयोग करती है। साथ ही इसका मालिक इसी थाना क्षेत्र का उसरा गांव निवासी थाना का चौकीदार मनीष करमाली है। पुलिस इसे चोरी का रूप दे रही है। ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस आए दिन इस सड़क पर कोयला, लोहा, बालू लदे अवैध वाहनों से वसूली करती है। यह बोलेरो भी वसूली का काम कर रहा था। जिसके कारण दुर्घटना घटी है। वहीं पुलिस ने बताया कि यह बोलोरो रजरप्पा थाना परिसर से तीन नवंबर को चोरी हो गयी है। जिसका मामला रजरप्पा थाना में दर्ज किया गया है। ग्रामीण सीसीटीवी फुटेज खंगालने की मांग कर रहे हैं। वहीं बोलेरो चोरी की एफआईआर कॉपी की मांग भी किया। चोरी की घटना कब हुई और एफआईआर कब किया गया है।



**पीड़ित परिवारों से मिले गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश**

सूचना पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी अपने दर्जनों कार्यकर्ता के साथ सुबह को पीपरा जारा गांव पहुंचे। जहां पीड़ित परिवार से मिले और सांत्वना देते हुए सहयोग किया। वहीं प्रशासन से निष्पक्ष जांच करने की बात कही।


**भारतीय रेल**

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2024/आरएस (ई)/टीएम/1 नई दिल्ली, दिनांक : 01.11.2024

शुद्धिपत्र संख्या 2

विषयः 23 अदद 'मल्टी परपज़ टैम्पर (एम पी टी)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 07.11.2024 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2024–टीएम–1

1. विषय निविदा बंद होने की नियत तिथि 07.11.2024 (गुरुवार) से 26.11.2024 (मंगलवार) बदल दी गई है।

2. निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें समान रहेंगी।

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)

3424/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पोटमदगा, बोगाई, छतरमांडू के सैकड़ों लोग कांग्रेस छोड़कर आजसू में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** विधानसभा चुनाव को लेकर भारी संख्या में लोग आजसू पार्टी का दामन थाम रहे हैं, दुलमी प्रखंड के बोगाई, पोटमदगा गांव से आदिवासी भोक्ता समुदाय के युवा महिला पुरुष कांग्रेस पार्टी छोड़कर आजसू पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा आजसू में शामिल लोगों का पट्टी पहनाकर स्वागत किया, सांसद ने कहा की रामगढ़ विधानसभा की जनता को हमेशा मान सम्मान देने का काम किया हूं। रामगढ़ की मत्तदाता विकास चाहती है पिछले डेढ़ वर्षो में विधायक सुनीता चौधरी द्वारा किये गए अभूत पूर्व विकास कार्यों को देख प्रभावित होकर हर रोज आजसू पार्टी में शामिल हो रहे है।



वर्तमान झारखंड सरकार की भ्रष्टाचार कानून व्यवस्था से झारखण्ड वासी काफी त्रस्त है, झारखंड से निकक्मी सरकार को उखाड़ फेकने का काम करें। मौके पर नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो जिला परिसद सदस्य शामिल थे। इस अवसर पर मदगी गांव से भोक्ता, मुंडा आदिवासी समुदाय के लोगों में आजसू पार्टी में शामिल लोगों में छतर मांडू से सचिन कुमार, गोबिंद मुकेश, महेश, महेंद्र मनोज, रोहित पंकज विकास संजीत विनय आदि है। बोगाई गांव से नवराज भोक्ता, सुरेश भोक्ता, नीतीश भोक्ता मिथिलेश भोक्ता राहुल भोक्ता अरुण भोक्ता अमित भोक्ता, रविंद्र भोक्ता दिलीप भोक्ता छोटेलाल भोक्ता शैलेश भोक्ता शामिल हुए। जबकि होन्हे पंचायत से दशरथ महतो पवन महतो दिलेश्वर महतो मुकेश महतो तारकेश्वर महतो, विपिन महतो महेश महतो सहित भारी संख्या में महिला पुरुष युवा शामिल हुए।

## अल्पसंख्यकों ने सरकार की उपलब्धियों की सराहना की

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोगता एवं महागठबंधन से राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने मंगलवार को प्रखंड के दर्जनों गांव का दौरा किया। अल्पसंख्यकों ने सरकार की उपलब्धियों को सराहते हुए एक जुटता की परिचय देने का ऐलान किया। सत्यानंद भोक्ता ने प्रत्याशी रश्मि प्रकाश को क्रम संख्या 03 लालटेन छाप पर बटन दबाकर भारी से भारी मतों से विजयी बनाने।

## शक्ति केंद्र प्रभारियों ने एनडीए प्रत्याशी जनार्दन पासवान को जिताने का लिया संकल्प



**चतरा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी चतरा ग्रामीण मंडल के शक्ति केंद्र आरा में बैठक हुई। स्थानीय ग्रामीणों ने इस बार एनडीए से लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान के पक्ष में हेलीकॉप्टर छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री सह शक्ति केंद्र प्रभारी दिनेश गोप, देवरिया शक्ति केंद्र प्रभारी दीपक शर्मा, विधानसभा विस्तारक संजय दास, शक्ति केंद्र संयोजक धर्मेंद्र भारती, सह संयोजक सुरेंद्र साहू, लालधारी साहू, विद्या सिंह, समेत कई नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## Format C 2

*(For political party to publish in website, newspapers, TV)*

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

*(As per the judgment dated 25" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party: **AJSU PARTY**

* Name of Election : **JHARKHAND STATE ASSEMBLY ELECTIONS, 2024**

Name of State/ UT: **JHARKHAND**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal Cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, Case No. & Status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| **1** | **34–Gomia** | **Shri Lambodar Mahto** | **JMFC - Spl Judge MP/MLA Case, Ranchi**<br><br>**MP/MLA Case No. 5/2023 arising out of Lalpur P.S. Case No. 201/2021**<br><br>**Stage: Police Paper** | **Offence u/s 147, 149, 341, 323, 332, 353 IPC (Case relating to Unlawful Assembly, Unlawful Restraint Rioting etc.)** | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | **JMFC - Spl Judge MP/MLA Case, Ranchi**<br><br>**Nagari P.S. Case No. 36/2022**<br><br>**Stage: Under Investigation** | **Offence U/s 143, 149, 341, 323, 186, 188, 353 IPC (Offence related to Wrongful Restraint & disobedience of publicservant orders)** | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | **ADJ – III cum Spl Judge SC ST Act, Bokaro**<br><br>**Sector 4 SC/ST P.S. Case No. 23/2023**<br><br>**Stage:Under Investigation** | **Offence u/s 323, 504, 506, 34 IPC 3(1)(R) of the SC/ST ((Prevention of Atrocities) Act, 1989) Act. (Offence related to voluntarily causing hurt and criminal intimidation)** | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | **JMFC, Tenughat Kasmar P.S. Case No. 135/2022 Stage: Under Investigation** | **Offence u/s 341, 323, 427, 507, 506, 34 IPC (Offence related to Wrongful Restraint)** | **NA** | **NA** | **NA** |

## FORMAT C-1

*(for candidates to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of hon'ble supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation &Ors, Vs, Union of India & Anr)

Name and address of candidate: **Dr. NEERA YADAV**

Name of Political Party : **BHARATIYA JANATA PARTY**

(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of Election : **ASSEMBLY ELECTIONS TO VIDHANSABHA 2024**

Name of Constituency **19, KODERMA** (JHARKHAND)

I **Dr. NEERA YADAV** (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. N | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | MP MLA Court Ranchi | Lalpur P.S. Case No. 203/24 | Pending | Protest against State Government Section 191(2)(3)/190/115(2) 117(2)/109/121(1)/125/132/ 324(2)/351(2)/352/61(2) of BNS |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |

In the case of election to council of state election to Legislative Council by MLAs mention the election concerned in place of name of constituency.

# आगे चुनौती बड़ी

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया को मिली हार ऐसा सदमा है, जिससे उबरने में क्रिकेट फैंस को लंबा वक्त लगेगा। खेल में किसी प्रतिद्वंद्वी को कमजोर नहीं समझा जा सकता, लेकिन तीन मैचों की सीरीज में सारे मैच हारना वाकई अप्रत्याशित है। अब अहम सवाल है कि टीम इस हार से उबरेगी कैसे? अपने घर में 12 बरसों तक अजेय बने रहना छोटी बात नहीं है। लगातार 18 घरेलू सीरीज जीतना ऐसा रिकॉर्ड है, जिसे ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज जैसी टीमें अपने शिखर पर रहते हुए भी हासिल नहीं कर पायी थीं। इसी रिकॉर्ड ने टेस्ट क्रिकेट में भारत को द लास्ट फ्रंटियर का रुतबा दिया। जाहिर है, जीत का सिलसिला कहीं तो थमना था। क्लाइव लॉयड और स्टीव वॉ जैसे कप्तान भी हारे हैं, लेकिन यह हार इसलिए चुभ रही है, क्योंकि भारतीय टीम अपने ही घर में और अपने ही हथियार, स्पिन बोलिंग से धराशायी हो गयी। भारत के स्पिनर्स उस तरह प्रभावी नहीं हो सके, जैसे न्यूजीलैंड के। इक्का-दुक्का को छोड़ कर हमारे बैटर्स भी नाकाम रहे। कहा जा रहा है कि टीम इंडिया कंडिशन समझने में विफल रही। तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच बेंगलुरु में हुआ था। उस मैच में बादल भरे आसमान के नीचे पहले बैटिंग करने का भारतीय टीम का फैसला गलत साबित हुआ और वहां से मोमेंटम पूरी सीरीज के लिए न्यूजीलैंड के पक्ष में चला गया। लेकिन, कंडिशन पढ़ने में गलती हुई कैसे? पिछले कुछ समय में यह बात कई बार उठ चुकी है कि भारत में चुनिंदा मैदानों पर ही टेस्ट मैच आयोजित किए जाने चाहिए। इससे टीम को पता रहेगा कि मैच कहां होना है और वहां किस तरह की परिस्थितियां मिलेंगी। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड जैसी टीमें यही करती हैं। देशभर में घूम-घूम कर टेस्ट खेलने से टीम को नुकसान हो रहा। ऐसा लगता है कि भारतीयों से ज्यादा न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों ने माहौल को पढ़ लिया था। जीत तमाम कमियों को छुपा देती है, जबकि हार से हर जख्म खुल जाते हैं। फिलहाल टीम इंडिया के साथ यही मामला है। ऐसा कितनी बार हुआ है, जब लोअर ऑर्डर ने बैटिंग में टीम को संभाला। कई सीनियर तब भी कंसिस्टेंट नहीं थे। इस पूरी सीरीज में वह कमी खुल कर सामने आ गयी। सीनियर्स के जिम्मेदारी लिए बिना टीम आगे नहीं बढ़ सकती। टीम इंडिया इस सीरीज में अति-आत्मविश्वास के साथ उतरी थी। परिणाम अप्रत्याशित रहे। अब उसके सामने वह चुनौती है, जिसे सबसे मुश्किल माना जाता है, ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज। भारतीय टीम लगातार तीसरी बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना पाती है या नहीं, यह इस सीरीज से तय होगा। हार की समीक्षा की जानी चाहिए, उपाय भी अपनाए जाने चाहिए, लेकिन हर हाल में इस हार को पीछे छोड़ना होगा, तभी भारतीय टीम भविष्य में और मजबूत होकर सामने आ सकती है।

**जीत तमाम कमियों को छुपा देती है, जबकि हार से हर जख्म खुल जाते हैं। फिलहाल टीम इंडिया के साथ यही मामला है। ऐसा कितनी बार हुआ है, जब लोअर ऑर्डर ने बैटिंग में टीम को संभाला। कई सीनियर तब भी कंसिस्टेंट नहीं थे। इस पूरी सीरीज में वह कमी खुल कर सामने आ गयी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दुनिया में सबसे सस्ते डेटा दरों के साथ, भारत में अब 954.40 मिलियन से अधिक इंटरनेट ग्राहक हैं। इनमें से 398.35 मिलियन इंटरनेट ग्राहक ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। पिछले एक दशक में, ब्रॉडबैंड कनेक्शन 64 मिलियन से बढ़कर 924 मिलियन हो गए हैं। इस व्यापक कनेक्टिविटी ने एक डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया है, जो आज हमारे कुल आर्थिक परिदृश्य में 10 प्रतिशत का योगदान देता है। वर्ष 2026 तक इस योगदान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के पांचवें हिस्से या 20 प्रतिशत तक पहुंच जाने का अनुमान है।**

# राष्ट्र के सुरक्षित डिजिटल भविष्य की दिशा में कदम



**ज्योतिरादित्य एम सिंधिया**



भारत में, दूरसंचार की उपयोगिता लोगों को जोड़ने से कहीं बढ़ कर है। यह एक ऐसा महत्वपूर्ण उपकरण भी है, जो विकास के हाशिए पर रहने वाले लोगों के उत्थान का काम करता है। पिछले एक दशक में, देश में डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में भारी विकास हुआ है। दुनिया में सबसे सस्ते डेटा दरों के साथ, भारत में अब 954.40 मिलियन से अधिक इंटरनेट ग्राहक हैं। इनमें से 398.35 मिलियन इंटरनेट ग्राहक ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। पिछले एक दशक में, ब्रॉडबैंड कनेक्शन 64 मिलियन से बढ़कर 924 मिलियन हो गए हैं। इस व्यापक कनेक्टिविटी ने एक डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया है, जो आज हमारे कुल आर्थिक परिदृश्य में 10 प्रतिशत का योगदान देता है। वर्ष 2026 तक इस योगदान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के पांचवें हिस्से या 20 प्रतिशत तक पहुंच जाने का अनुमान है। बैंकिंग सेवाएं, केवाइसी सत्यापन, डिजिटल भुगतान और मोबाइल-आधारित प्रमाणीकरण भारत की डिजिटल क्रांति की रीढ़ रहे हैं, जिससे जन धन, आधार, मोबाइल (जेएएम) की तिहरी सेवाओं को फलने-फूलने में मदद मिली है। अकेले अक्टूबर 2024 में, देश में आधार समर्थ भुगतान प्रणाली के माध्यम से 126 मिलियन डिजिटल लेनदेन दर्ज किये गये।

**तकनीकी प्रगति के साथ पैदा होने वाले खतरों से नागरिकों को बचाने के लिए एक सुदृढ़ साइबर व्यवस्था से लैस भारत का निर्माण करना होगा।**

हालांकि, यह डिजिटल क्रांति विकट चुनौतियां भी प्रस्तुत कर रही है। विशेष रूप से, तकनीकी प्रगति के साथ पैदा होने वाले खतरों से हमारे नागरिकों की सुरक्षा की चुनौती। हमारे हाथ में रखे जाने वाले सुविधा के ये उपकरण स्पैम कॉल, घोटाले वाले संदेश, टेलीमार्केटिंग के अनुचित कॉल, फि शिंग घोटाले, नकली निवेश एवं ऋण के अवसरों जैसे साइबर अपराधों के जाल से भी घिरे हैं।

**एक विशेष चुनौती सामने आयी है:** डिजिटल अरेस्ट के घोटाले आज चिंताजनक दर से बढ़ रहे हैं। इसकी कार्यप्रणाली के तहत - अपराधी सरकारी अधिकारियों के रूप में निर्दोष व्यक्तियों को डराने और जबरन वसूली का कार्य करते हैं। महज वित्तीय नुकसान से परे, ये दुर्भावनापूर्ण कार्यप्रणालियां आजीविका को बाधित करती हैं, विश्वास को खत्म करती हैं और उस आत्मविश्वास को कमजोर करती हैं, जो नागरिकों में डिजिटल अर्थव्यवस्था में पूरी तरह से शामिल होने के लिए आवश्यक है।

हालांकि, इन उभरते खतरों के विरुद्ध त्वरित प्रतिक्रिया करते हुए हमारे अधिकारियों ने पूरी तत्परता दिखायी है। उन्होंने फर्जी तरीकों से हासिल किये गये मोबाइल कनेक्शनों को काट दिया है और 7.6 लाख शिकायतों के माध्यम से 2,400 करोड़ रुपये से अधिक की राशि की हानि को बचाया। यह महज आंकड़ों को ही नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा और सपनों की सुरक्षा को भी दर्शाता है।

अब जबकि हम डिजिटल स्पेस की रक्षा के लिए अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, हमारे नागरिकों के सहयोग के बिना यह एक निरर्थक कवायद साबित होगी। प्रधानमंत्री (पीएम) नरेंद्र मोदी का हाल ही में नागरिकों से रुको, सोचो और एक्शन लो का आह्वान इंटरनेट की छाया में बढ़ते खतरों को रेखांकित करते हुए तात्कालिकता और दूरदर्शिता को दर्शाता है। यह आह्वान केवल बढ़ते साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रतिक्रिया भर नहीं है, बल्कि एक सतर्क और सक्रिय समाज के निर्माण की दिशा में एक अपील भी है। अपने हालिया 'मन की बात' संबोधन के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने समर्पित हेल्पलाइन 1930 और cybercrime.gov.in पोर्टल के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट करने की अनिवार्यता दोहराई। साइबर अपराधियों के विरुद्ध लड़ाई में नागरिकों की भागीदारी पर जोर बेहद अहम है।

फिर भी, साइबर अपराधियों ने चालाकी बरतते हुए नयी रणनीति विकसित कर ली है और अंतरराष्ट्रीय कॉलों को प्रच्छन्न तरीके से स्थानीय नंबरों (+91-xxxxxxxxxx) के रूप में दुरुपयोग कर रहे हैं। कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआइ) में किया जाने वाला चतुराई भरा यह हेरफेर इन कॉलों को वैध स्थानीय नंबर कॉल के रूप में छिपाना संभव बना देता है, जिससे धोखे का परिदृश्य और भी जटिल हो जाता है।

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने सक्रिय रूप से हस्तक्षेप करते हुए स्वदेशी रूप से विकसित अंतरराष्ट्रीय इनकमिंग स्पूफ्ड कॉल्स प्रिवेंशन सिस्टम लॉन्च किया है। यह उपकरण एक बड़ा बचाव साबित हो रहा है, जो 86 प्रतिशत नकली कॉलोंझ लगभग 1.35 करोड़ कॉल प्रतिदिन - को रोक रहा है।

साइबर-सुरक्षित भारत के हमारे दृष्टिकोण के केंद्र में नागरिकों का डिजिटल सशक्तिकरण है। संचार साथी प्लेटफॉर्म इस मिशन का प्रतीक है, जिसमें चक्षु जैसे टूल हैं, जो उपयोगकताओं को संदिग्ध संदेशों, कॉल और व्हाट्सएप गतिविधियों की रिपोर्ट करने में समर्थ बनाते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शक्ति का लाभ उठाते हुए, डीओटी ने 2.5 करोड़ से अधिक धोखाधड़ी वाले मोबाइल कनेक्शनों का पता लगाया और उन्हें काट दिया, 2.29 लाख से अधिक मोबाइल हैंडसेटों को ब्लॉक कर दिया, 71,000 विक्रेताओं को ब्लैकलिस्ट कर दिया और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपीएस) के माध्यम से 1,900 अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

युवा, तकनीक-प्रेमी आबादी के लाभ के साथ, हमने विद्यार्थियों को भी जमीनी स्तर की पहल में शामिल किया है। देश भर में कॉलेज के विद्यार्थियों ने संचार मित्र स्वयंसेवकों के रूप में कदम बढ़ाया है। ये स्वयंसेवक समुदायों तक पहुंच रहे हैं और संचार साथी पोर्टल के माध्यम से डिजिटल सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं। ये युवा हिमायती नागरिकों को दूरसंचार धोखाधड़ी को रोकने के लिए उपलब्ध उपकरणों का उपयोग करने में मदद करते हैं। मई 2023 में अपनी स्थापना के बाद से, संचार साथी पोर्टल ने 7.7 करोड़ विजिट और प्रतिदिन औसतन दो लाख उपयोगकताओं के साथ जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है। इस पोर्टल ने 12.59 लाख चोरी और खोए हुए मोबाइल फोन का पता लगाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। इस धारणा को मजबूत करते हुए कि साइबर रक्षा और सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, यह पोर्टल अपने डिजिटल अनुभवों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध नागरिकों के लिए एक आवश्यक संसाधन बन गया है।

स्पैम कॉल, अनचाहे एसएमएस और टेलीमार्केटिंग के खतरे से निपटने के एक निर्णायक प्रयास के तहत, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए जवाबी उपायों की एक मजबूत श्रृंखला भी लागू की है। नियमों के उल्लंघन पर कठोर दंड लगाया जायेगा, जो डिजिटल विश्वास के उल्लंघन के प्रति शून्य-सहिष्णुता (जीरो-टोलेरेंस) की नीति का परिचायक है। अब तक, ट्राई ने असत्यापित प्रचारात्मक कॉल में संलग्न 800 से अधिक संस्थाओं और व्यक्तियों को ब्लैकलिस्ट कर दिया है, जबकि 1.8 मिलियन से अधिक नंबर काट दिये गये हैं। ऐसी सख्त कार्रवाई एसएमएस संबंधी धोखाधड़ी के मामले में भी की गयी है, जिसके तहत 350,000 अप्रयुक्त और असत्यापित मैसेजिंग हेडर और 1.2 मिलियन कंटेंट टेंपलेट को ब्लॉक कर दिया गया है। हमारी साइबर रक्षा रणनीति के केन्द्र में डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (डीआईपी) है, जो 460 बैंकों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों सहित 520 से अधिक हितधारकों को एकजुट करता है। यह सहयोग वास्तविक समय में सूचना साझा करने और साइबर खतरों के विरुद्ध समन्वित कार्रवाई को संभव बनाता है।

तेजी से विकसित हो रहे इस डिजिटल युग में, साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता देना महज एक सावधानी भर नहीं है। बल्कि यह हमारे देश के डिजिटल भविष्य की सुरक्षा की दृष्टि से एक आवश्यक कदम है। एक मजबूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, तकनीक-प्रेमी युवा आबादी और मजबूत संस्थागत ढांचे के साथ, भारत ने खुद को डिजिटल इकोसिस्टम में एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित किया है। जैसे-जैसे हम इस जटिल परिदृश्य में आगे बढ़ रहे हैं, निरंतर सुधार और अनुकूलनशीलता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ बनी रहेगी। प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुरूप कार्य करते हुए, हम एक सुदृढ़ साइबर व्यवस्था से लैस भारत का निर्माण करेंगे - जहां प्रत्येक नागरिक सुरक्षित, सशक्त और इस डिजिटल युग में फलने-फूलने के लिए तैयार हो।

**(लेखक : केंद्रीय संचार तथा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

### सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने 7:2 के बहुमत से दिया फैसला

# सरकारें सभी प्राइवेट प्रॉपर्टी पर कब्जा नहीं कर सकतीं

- हर निजी संपत्ति भौतिक संसाधन नहीं
- 45 साल पहले दिया अपना फैसला पलटा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** क्या सरकार आम लोगों की भलाई के लिए निजी संपत्तियों का संविधान के अनुच्छेद 39(बी) के तहत अधिग्रहण कर सकती है? इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने मंगलवार को 1978 (45 साल पहले) में दिया गया अपना ही फैसला पलट दिया। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली 9 जजों की बेंच ने 7:2 के बहुमत वाले फैसले में कहा, 'हर निजी संपत्ति को सामुदायिक संपत्ति नहीं कह सकते। कुछ खास संपत्तियों को ही सरकार सामुदायिक संसाधन मानकर इनका इस्तेमाल आम लोगों के हित में कर सकती है।'


बेंच ने 1978 में दिये जस्टिस कृष्ण अय्यर के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था, 'सभी निजी संपत्तियों पर राज्य सरकारें कब्जा कर सकती हैं।' चीफ जस्टिस बोले- पुराना फैसला विशेष आर्थिक, समाजवादी विचारधारा से प्रेरित था। हालांकि राज्य सरकारें उन संसाधनों पर दावा कर सकती हैं, जो भौतिक हैं और सार्वजनिक भलाई के लिए समुदाय द्वारा रखे जाते हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस ऋषिकेश रॉय, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस राजेश बिंदल, जस्टिस एससी शर्मा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह फैसले पर एकमत थे। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने बहुमत के फैसले से आंशिक रूप से असहमति जतायी, जबकि जस्टिस सुधांशु धूलिया ने सभी पहलुओं पर असहमति जतायी। सुप्रीम कोर्ट ने 1 मई को इस मामले में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता समेत कई वकीलों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। बेंच 16 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें 1992 में मुंबई स्थित प्रॉपर्टी ओनर्स एसोसिएशन द्वारा दायर मुख्य याचिका भी शामिल है।

# कश्मीर के बांदीपोरा में एनकाउंटर, एक आतंकी ढेर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्रीनगर।** कश्मीर के बांदीपोरा के केटसुन फॉरेस्ट एरिया में मंगलवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों के मुताबिक सुरक्षाबलों को बांदीपोरा के चूंटपाथरी फॉरेस्ट में आतंकवादियों के छिपे होने की खबर मिली थी। जिसके बाद इलाके की घेराबंदी की गयी और तलाशी अभियान शुरू किया गया। सर्चिंग के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलायीं। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक आतंकी मारा गया। हालांकि इलाके में एक और आतंकी के छिपे होने की आशंका है। एनकाउंटर अभी जारी है। इससे पहले 2 नवंबर को भी श्रीनगर के खानयार में मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी मारा गया था। इस एनकाउंटर में चार जवान घायल हुए थे। बता दें कि नवंबर महीने की शुरुआत में ही सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच श्रीनगर, बांदीपोरा और अनंतनाग में 3 एनकाउंटर हो चुके हैं। इनमें 4 जवान घायल हुए थे और 3 आतंकी मारे गये थे। 2 नवंबर को मारे गये आतंकियों में से एक की पहचान जाहिद राशिद के रूप में हुई। वहीं दूसरा अरबाज अहमद मीर था।

# पुरी श्रीमंदिर मेघनाद पचेरी में पड़ी दरारों को लेकर बीजेपी ने बीजद सरकार पर बोला हमला




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पुरी श्रीमंदिर मेघनाद पचेरी में दरारों पर राजनीति गरमा गयी है। बीजेपी प्रवक्ता अनिल बिस्वाल ने ट्वीट किया, "कुछ गलतियां हैं जिसे माफ नहीं किया जा सकता"। पिछली सरकार के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री नवीन बाबू और उनके सहयोगी वीके पांडियन बाबू ने ऐसी गलतियां कीं, जिसकी कीमत अब ओड़िशा की जनता को चुकानी पड़ रही है। मेघनाद पचेरी में दिखायी देने वाली दरारें अव दिनों हीं दिन बढने लगीं हैं। यह करोड़ों जगन्नाथ प्रेमियों के लिए चिंताजनक है। परिक्रमा परियोजना के निर्माण के दौरान, बड़ी-बड़ी मशीनें लगाये जाने से श्रीमंदिर के आसपास और पचेरी के पास बड़े-बड़े गड्ढे खोदे गये, जिसका प्रभाव मेघनाद की पचेरी पर पड़ा और उसमें दरार आ गयी। पुरातत्व विभाग और राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण की अनुमति के बिना खुदाई की गयी थी। बिना किसी विरासत प्रभाव अध्ययन के यह उत्खनन किन परिस्थितियों में किया गया? राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण के 100 मीटर के दायरे में कोई निर्माण कार्य न करने और गड्ढा न खोदने के नियमों की अवहेलना करना महंगा पड़ गया है। जिस तरह से एक प्राचीन 900 साल पुराने मंदिर के चारों ओर विशाल मशीनों द्वारा विशाल गड्ढे खोदे गये थे, उसने इसकी स्थिरता को खराब कर दिया। अनिल बिस्वाल ने कहा कि इसका असर मेघनाद पचेरी को प्रभावित किया है, कौन कह सकता है कि आने वाले दिनों में यह मंदिर को प्रभावित नहीं करेगा।

# अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान शुरू, आज आयेंगे नतीजे

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मंगलवार (आज) यानी 5 नवंबर को मतदान शुरू हो गया। रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप (78) और डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी कमला हैरिस (60) के बीच मुख्य मुकाबला है। 16 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर इनके भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान खत्म होने के बाद ही मतगणना शुरू हो जायेगी और बुधवार को नतीजे आने की भी उम्मीद है। अर्कांसस में भी आधिकारिक तौर पर मतदान शुरू हो चुका है। इसी के साथ 30 से अधिक अमेरिकी राज्यों में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान शुरू हो चुका है। मिसिसिपी और नॉर्थ डकोटा जैसे राज्यों में मतदान शुरू होने के कुछ समय बाद अर्कांसस में वोटिंग शुरू हुई है। यहां कैलिफोर्निया (54) और न्यूयॉर्क (28) जैसे अधिक आबादी वाले राज्यों की तुलना में कम वोटर हैं, लेकिन इस राज्य पर भी सबकी नजरें टिकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आधे से अधिक अमेरिकी राज्यों में मतदान शुरू हो चुका है। टेक्सास और विस्कॉन्सिन जैसे महत्वपूर्ण स्विंग राज्य सहित अलबामा, आयोवा, कंसास, मिनेसोटा, मिसिसिपी, नॉर्थ डकोटा, ओक्लाहोमा, साउथ डकोटा, टेक्सास और विस्कॉन्सिन के मतदाता घरों से बाहर निकल रहे हैं। लोगों के बीच मतदान को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

# चीन से डिसइंगेजमेंट चैप्टर खत्म : जयशंकर

- दोनों देशों के विदेश मंत्रियों-एनएसए की बैठक होगी
- 21 अक्टूबर को समझौते के बाद एलएसी से सेनाएं हटीं



**आजाद सिपाही संवाददाता**


**कैनबरा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को बताया कि चीन के साथ 'डिसइंगेजमेंट चैप्टर' अब खत्म हो गया है। दोनों देशों की सेना एलएसी से लगे देपसांग और डेमचोक के विवादित क्षेत्र से सेना की वापसी का काम पूरा कर चुकी हैं। अब मामला काफी आगे बढ़ चुका है। जयशंकर कैनबरा में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पैनी वोंग के साथ जॉइंट प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे।

जयशंकर ने कहा- डिसइंगेजमेंट पूरा होने के बाद अब दोनों देशों का फोकस डी-एस्केलेशन पर होगा। इसके लिए विदेश मंत्रियों और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की जल्द ही बैठक होगी। जयशंकर ने किसी तारीख का जिक्र नहीं किया।

**सैनिकों की संख्या कम करना चुनौती :** प्रेस कांफ्रेंस में पूछे गये एक सवाल का जवाब देते हुए विदेश मंत्री ने कहा, एक बार जब सैनिकों के सीमा से पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी हो जायेगी तो हमारे पास अन्य चुनौतियां होंगी। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों में दोनों ओर सैनिकों की संख्या कम करना भी शामिल है। जयशंकर बोले- ब्रिक्स की बैठक के दौरान पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बातचीत हुई है। इसमें दोनों देशों ने उनके विदेश मंत्री और एनएसए के बीच बैठक को लेकर सहमती दी है। पीएम मोदी ने तब कहा था कि दोनों देशों के संबंध हमारे लोगों, वैश्विक शांति-स्थिरता के लिए जरूरी हैं।

# शरद पवार का चुनावी राजनीति से संन्यास का संकेत

- बोले- कहीं तो रुकना पड़ेगा; अब चुनाव नहीं लड़ूंगा, नये लोगों को चुन कर आना चाहिए



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की वोटिंग से पहले एनसीपी के संस्थापक शरद पवार ने चुनावी राजनीति से संन्यास के संकेत दिए हैं। पवार ने कहा है कि अब वे चुनाव नहीं लड़ेंगे, हालांकि पार्टी संगठन का काम देखते रहेंगे। यानी एनसीपी (एसपी) चीफ के पद पर काम करते रहेंगे।

84 साल के शरद पवार ने बारामती में मंगलवार को कहा, 'कहीं तो रुकना ही पड़ेगा। मुझे अब चुनाव नहीं लड़ना है। अब नए लोगों को आगे आना चाहिए। मैंने अभी तक 14 बार चुनाव लड़ा है। अब मुझे सत्ता नहीं चाहिए। मैं समाज के लिए काम करना चाहता हूं। विचार करूंगा कि राज्यसभा जाना है या नहीं।'

**1960 में शरद पवार ने राजनीतिक करियर की शुरुआत की :** 1960 में शरद पवार ने कांग्रेस से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की। 1960 में कांग्रेसी नेता केशवराव जेधे का निधन हुआ और बारामती लोकसभा सीट खाली हो गयी। उपचुनाव में पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया यानी ढढढ ने शरद के बड़े भाई बसंतराव पवार को टिकट दिया, जबकि कांग्रेस ने गुलाबराव जेधे को उम्मीदवार बनाया। उस वक्त वाईबी चव्हाण महाराष्ट्र के सीएम थे। उन्होंने बारामती सीट को अपनी साख का मुद्दा बना लिया था।

## छठव्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में 1200 छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण बाबा प्रियदर्शी के एवं उनके के हाथों किया गया। इस अवसर पर पूजन सामग्री का वितरण विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह एवं कुलपति एमके सिंह ने भी व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर 1200 ब्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया गया। पूजन सामग्री वितरण कार्यक्रम में सुभाष कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, हरेंद्र सिंह, शंभू राम, मुकेश कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, रणजीत सिंह एवं प्रेरणा परामर्श आश्रम के तमाम परामर्थिगन उपस्थित रहे।

## दूसरे दलों को छोड़ एआइएमआइएम में शामिल हुए कई लोग

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** एआइएमआइएम पार्टी से प्रभावित होकर गढ़वा प्रखंड के छतरपुर पंचायत के कई लोगों ने दूसरे दलों को छोड़कर इस पार्टी का दामन थाम लिया। मौके पर बोलते हुए प्रत्याशी एम एन खान ने कहा कि यदि सिंचाई, उद्योग और रोजगार की व्यवस्था सही होगी तो गढ़वा-रंका क्षेत्र को पलायन के लिए नहीं, बल्कि विकास और समृद्धि के लिए जाना जायेगा। इधर नवसदस्यों ने पार्टी को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया और कहा कि गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र में विकास और न्याय का नया युग शुरू करने के लिए एआइएमआइएम सबसे सशक्त विकल्प है।

## रारो मुख्य सड़क किनारे रखे बालू-गिट्टी के ढेर दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण

**डडई (आजाद सिपाही)।** डडई प्रखंड के लवाही से रारो मुख्य सड़क के रारो खेल स्टेडियम के समीप मकान निर्माण करा रहे लोगों के द्वारा क्रमबद्ध तरीके से सड़क में बालू व गिट्टी गिराकर रखा गया है। जिससे सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़क में रखे बालू व गिट्टी रहगीरों को रात्रि के समय बड़ी हादसा का आमंत्रण दे रही है। दिन के समय बाईक व वाहन चालक किसी तरह बगल कर गुजर जाते है। लेकिन रात्रि के समय कभी भी दुर्घटना हो सकती है। उस सड़क से प्रतिदिन वाहनों के लगातार आवागमन होते रहते हैं। कुछ दिन पहले रारो गांव निवासी गिरवर राम पिता लगन राम उम्र करीब 35 वर्ष ने रात्रि के करीब 8 बजे बाईक से डंडई से रारो गांव जाने के दौरान सड़क में रखे बालू में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था ।इसके बाद आनन फानन में मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ठाकुर के सहयोग से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि गिरवर राम के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा हैं। लेकिन आज तक सड़क पर रखें बालू व छरी पर प्रशासन की ध्यान नहीं गया।

## मिथिलेश ठाकुर ने रंका प्रखंड के गांवों का किया दौरा



**रंका (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव 2024 में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सोमवार को रंका प्रखंड के विभिन्न पंचायतों एवं गांवों का दौरा कर वोट मांगने का काम किया है। इस दौरा क्रम में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने चुतरू पंचायत, दुधवल पंचायत, कटरा पंचायत, विश्रामपुर पंचायत, सोनदाग पंचायत एवं चुटिया पंचायत सहित अन्य पंचायत एवं गांवों में जनसंपर्क किया। इस मौके पर उक्त सभी पंचायत गांवों के हजारों जनता ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर का स्वागत किया और भारी मतों से विजयी बनाने का आशवासन दिया है। इस मौके पर मुखिया खालिद अंसारी, संतोष ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# चुनावी सभा के बाद दो समुदाय के बीच मारपीट, 22 पर प्राथमिकी दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेराल।** जिले के मेराल थाना क्षेत्र के तरके गांव में झामुमो और भाजपा समर्थकों के बीच हुई झड़प ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। सोमवार शाम मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की चुनावी सभा के बाद दो समुदायों के युवाओं के बीच विवाद बढ़कर मारपीट में तब्दील हो गया। इस घटना की प्राथमिकी मेराल थाना में दर्ज की गई है, जिसमें करीब दो दर्जन लोगों पर आरोप लगाये गये हैं।

तरके गांव निवासी अक्षय कुमार चौधरी ने प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया, जिसमें बताया गया कि सभा के बाद कुछ विशेष समुदाय के युवक झामुमो को वोट देने से मना करने पर गुस्से में उनके घर में घुसकर मारपीट पर उतारू हो गये। इस मारपीट में अक्षय कुमार के अलावा अनुराग गुप्ता, अभिषेक कुमार चौधरी, गोविंद कुमार, अरविंद कुमार, और फुलवंती देवी समेत अन्य लोग घायल हो गये। आरोपितों में फिरोज खान, रुस्तम खान, मोहम्मद रफी खान, इकबाल खान, समेत कुल 22 लोगों को नामजद किया गया है।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है। मेराल के अंचल अधिकारी सह एफएसटी यशवंत नायक ने 'ओखर गाड़ा के जनता की आवाज' नामक ग्रुप में वीडियो वायरल करने वाले दिलीप नामक व्यक्ति के खिलाफ भी प्राथमिक आवेदन दिया है। जिसमें उस पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का आरोप है। सूचना मिलते ही डीएसपी नीरज कुमार, पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार आजाद, और प्रभारी थाना प्रभारी दीपक कुमार समेत कई अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से बातचीत की और शांति बनाए रखने का प्रयास किया। भाजपा नेता संतोष दुबे, उदय कुशवाहा, रामजी पासवान और सोनू सिंह ने भी पीड़ित परिवार को समझाया। डीएसपी नीरज कुमार ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इधर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद गढ़वा विधानसभा क्षेत्र का राजनीतिक तापमान बढ़ गया है।

## सपा प्रत्याशी गिरिनाथ सिंह ने निकाली बाइक रैली

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सह पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली गयी। रैली का शुभारंभ गढ़वा स्थित कर्बला ऊंचरी के मैदान से किया गया। सबसे पहले पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह को कार्यकर्ताओ द्वारा फूल माला के साथ स्वागत किया गया। बाइक रैली में मेराल प्रखंड के सभी पंचायतो के पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुख अपने अपने टीम के साथ रैली में शामिल हुए। पूर्व मंत्री की रैली गढ़वा मेन रोड़ होते हुए लगमा, करकोमा, हासनदाग, कजराठ, देवगाना, गेरुआ, बाना, जगदीश मोड़, रेजो, लातदाग, पढ़ूआ, पतहरीया, रजबंधा, बंका, रझारा, नेनुआ, बिकताम से गुजरा।

# भानु की आशीर्वाद यात्रा समाप्त विस क्षेत्र में प्रचार अभियान शुरू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सगमा।** विधायक भानु प्रताप शाही के चौबीस दिनों तक चले आशीर्वाद यात्रा हुआ संपन्न अब विधान सभा क्षेत्र में तूफानी प्रचार अभियान शुरू।

उक्त जानकारी देते हुए भाजपा के गढ़वा जिला उपाध्यक्ष सह सगमा के मंडल प्रभारी कृपाल सिंह ने बताया की माननीय विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा पिछले चौबीस दिनों तक लगातार आशीर्वाद यात्रा चल रहा था जिसका समापन उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित बिलासपुर पंचायत से किया गया। इस क्रम में विधायक भानु प्रताप के द्वारा भवनाथपुर विधान सभा के सभी अस्सी पंचायतों में पड़ने वाले चार सौ गांव में आशीर्वाद यात्रा सफलता पूर्वक संपन्न हो गया है। जिसमे पूरे विधान सभा की सम्मानित जनता के द्वारा भरपूर आशीर्वाद मिला है। इस कार्यक्रम के बाद माननीय विधायक द्वारा पूरे विधान सभा में डोर टू डोर तूफानी गति से प्रचार शुरू कर दिया गया है। विधान सभा की जनता जनार्दन ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किये जा रहे विकास कार्य तथा मोदी की गारंटी पर विश्वास करते हुए एक बार पुनः भारतीय जनता पार्टी के कमल निशान पर मुहर लगाकर भानु प्रताप शाही को विधान सभा भेजने का मन बना चुकी है। भवनाथपुर विधान सभा के साथ-साथ पूरे झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में तूफान चल रहा है। प्रदेश की जनता झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार से मुक्ति चाहती है, हेमंत सोरेन के शासन काल में लूट भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। यहां की जनता मुख्यमंत्री के रूप में बाबूलाल मरांडी को देखना चाहती है।

## देशी बंदूक और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** आगामी विधानसभा चुनाव से पूर्व भवनाथपुर पुलिस बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने सोमवार की रात थाना क्षेत्र के अरसली दक्षिणी के लेवानगर टोला के एक घर में छापामारी कर अवैध देशी बंदूक और कारतूस बरामद करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर किया है, इसकी जानकारी पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के अरसली दक्षिणी के लेवानगर टोला में गांव के लोगो के बीच अपना वर्चस्व बनाये रखने के उद्धेश्य से टोला के एक घर में अवैध रूप से देशी बंदूक और कारतूस छुपा कर रखे जाने की गुप्त सूचना मिली थी।

**अनुलग्नक 47**
प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA
प्रारूप

**(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्रों, दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु )**

**आपराधिक प्रकरणों के सम्बन्ध में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायलय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और आर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यार्थी का नाम और पताः **सत्येन्द्र नाथ तिवारी, ग्राम-बेलहारा, पो.-बेलहारा, थाना-गढ़वा, जिला-गढ़वा, झारखंड, पिन-822114**
राजनीतिक दल का नामः **भारतीय जनता पार्टी**
निर्वाचन का नाम : **80 झारखंड विधान सभा का आम चुनाव**
निर्वाचन क्षेत्र का नामः **80 गढ़वा**
मैं **सत्येन्द्र नाथ तिवारी** (अभ्यर्थी का नाम ), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यार्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्वव्रित्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूंः

| क्र. सं. | न्यायालय नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | सबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मु० न्या० दण्डा. गढ़वा | गढ़वा–थाना काण्ड सं. 223/2021 दिनांक:5/6/2021 | आरोप पत्र के लिए लंबित | 188, 268, 269,270 353 भा.द.वि. एवं 51,56 डी में एक्ट, लॉकडाउन में लोकसेवक के आदेश के बिना बलपूर्वक धरना प्रदर्शन करते हुए जाम की स्थिति करते हुए सरकारी कार्य में बाधा |
| 2. | अपर मु० न्या० दण्डा. गढ़वा | GR 248/22 30.08.2021 | आरोप पत्र के बाद उपस्थित हेतु | 188, 269, 270, 353 भा.द.वि. एवं 51 डी में एक्ट, लॉकडाउन में सरकारी आदेश का उल्लंघन करते हुए घंटाघर पर प्रदर्शन करना बलपूर्वक सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करना |
| 3. | मु. न्या. दण्डा. गढ़वा | परिवाद सं. 292/22 दिनांक 06.02.2022 | साक्ष्य हेतु | 500 भा.द.वि. प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आपराधिक आरोप लगाकर पारिवादी का छवि धूमिल करना |
| 4. | मु. न्या. दण्डा. गढ़वा | गढ़वा–थाना काण्ड सं. 541/24 दिनांक: 13.10.2024 | अनुसंधान हेतु | 223,292,196 भा.द.वि. एन.एस. ग्राम लखना में लोक सेवक के आदेश का अवहेलना कर अपने x हैंडल से दो समुदायों के बीच सौहार्द बिगाड़ने का भाषा पोस्ट करना |
| 5. | न्या. दण्डा. प्रथम क्षेणी, रांची | लालपुर–थाना काण्ड सं.:203/24 दिनांक 23.08.2024 | अनुसंधान जारी | 191(2)(3), 190/115(2),117(2), 109/121 125/132/324(2),351(2)/352/61(2) वी. एन.एस, एक्ट/युवा मोर्चा रैली को भाषण से भड़का कर पुलिस पर पथराव बैरिकेटिंग तोड़ना आदेश का उल्लंघन करना |
| 6. | विशेष न्यायाधीश सी.बी.आई, पी.के. शर्मा, रांची | RC 14A/09(R) दिनांक: 16.09.2009 | पुलिस पेपर हेतु | 120(B)420, 467, 468, 471 भा.द.वि. 13(2) R/W. 13(1)(d) पीसी एक्ट आपराधिक षड्यंत्र रच जालसाजी कर जाली पेपर अलकतरा को लगाकर सरकारी राजस्व को क्षति पहुंचाना एवं गबन करना |
| 7. | विशेष न्यायाधीश सी.बी.आई, पी.के. शर्मा, रांची | RC 1A/10(R) दिनांक: 16.02.2010 | पुलिस पेपर हेतु | 120(B)420, 467, 468, 471 भा.द.वि. 13(2) R/W. 13(1)(d) पीसी एक्ट आपराधिक षड्यंत्र रच कर जाली पेपर अलकतरा को लगाकर सरकारी राजस्व को क्षति पहुंचाना |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों को विवरणः लागू नहीं होता

**ह/0**
**सत्येन्द्र नाथ तिवारी**

# नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय छठ, खरना आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांडी।** आस्था का महापर्व छठ विशेष रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में मनाया जाने वाला एक प्रमुख हिंदू त्योहार है। यह चार दिवसीय व्रत सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित है। इस त्यौहार का धार्मिक और सांस्कृतिक दोनों ही दृष्टि से बहुत महत्व है। यह त्यौहार दिवाली के बाद कार्तिक मास में ही दिन आता है। छठ पूजा की शुरूआत कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को नहाय-खाय की परंपरा से होती है। यह त्यौहार 4 दिनों तक चलता है। दूसरे दिन खरना की रस्म निभाई जाती है। छठ पूजा के तीसरे दिन यानि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पूजा की जाती है। छठ पूजा के चौथे दिन सप्तमी तिथि को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पर्व का समापन होता है। हिंदू धर्म में उगते सूर्य को जल या अर्घ्य तो दिया ही जाता है, लेकिन छठ पूजा के तीसरे दिन डूबते सूर्य को भी अर्घ्य दिया जाता है। पंचांग के अनुसार छठ पूजा का पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू होता है। वहीं यह पर्व सप्तमी तिथि को समाप्त होता है। छठ पूजा के पहले दिन नहाय खाय किया जाता है। इस दिन स्नान और शुद्ध भोजन करने का विधान है। छठ पूजा का दूसरा दिन खरना पूजा होती है। इस दिन महिलाएं नये मिट्टी के चूल्हे पर खीर बनाती हैं। इसके बाद उसे भोग के रूप में छठी मैया को अर्पित किया जाता है।

# आस्था के साथ आकर्षण का केंद्र बना मेराल का शिवाला नया छठ घाट

**बलराम शर्मा**



**मेराल (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरूआत मंगलवार को नहाय खाय के साथ हो चुकी है। त्योहार के मद्दे नजर श्रद्धालुओं द्वारा जलाशयों के किनारे साफ सफाई आने जाने के लिए रास्ते में प्रकाश की व्यवस्था किया जा रहा है ताकि छठ व्रतीयों के साथ श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मैरल प्रखंड मुख्यालय केप्रसिद्ध देवी धाम मंदिर एवं प्राचीन शिव मंदिर के पास नया शिवाला छठ घाट आस्था के साथ-साथ आरक्षण का केंद्रीय बन गया है। प्राचीन शिव मंदिर शिवाला तालाब में नये छठ घाट का निर्माण तथा साफ सफाई के बाद आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है साथ ही भगवान भास्कर की आकर्षक प्रतिमा बनायी जा रही है जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगा। इसके अलावा मेराल के सभी छठ घाटों की साफ सफाई एवं सजावटी की जा रही है मुडल टोला युरिया नदी छठ घाट पर देवी जागरण का कार्यक्रम रखा गया है। छठ महापर्व को लेकर बाजारों में चहल-पहल दिख रहा है। मेराल शिवाला छठ घाट साफ सफाई करने वालों में अध्यक्ष संजीव कुमार, प्रमोद महाजन, देव कुमार जायसवाल,कृष्णा प्रसाद, शंकर ठाकुर, धनंजय शर्मा, देवी शरण पासवान, शंकर ठाकुर, सुजीत कुमार उर्फ डब्लू लव कुश ठाकुर, मनोज जायसवाल, अजीत कुमार उर्फ बबलू सहित कई लोग शामिल थे।

# झारखंड को शासक नहीं सेवक चाहिए : सुदेश महतो

## चुनाव ड्यूटी में तैनात जवान ने की आत्महत्या



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय बिटपी स्थित कैंप में तैनात एक एसएसबी जवान ने अपने आप को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। मृतक की पहचान कर्नाटक राज्य निवासी अनप्पा दुग्गल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह विधानसभा चुनाव ड्यूटी करने पहुंचे थे। जवान ने खुद के इंसास रायफल से गोली खुद को गोली मारी है। घटना मंगलवार सुबह 4.30 बजे की है। घटना की सूचना मिलते ही एसएसबी के अधिकारी व जिले के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गये हैं। बताया जाता है कि अनप्पा दुग्गल सोमवार को ही बिटपी उच्च विद्यालय पहुंचा था। मंगलवार की अहले सुबह 4.00 बजे तक गार्ड ड्यूटी करने के बाद दूसरे तल्ला के बाथरूम में गया और 4.30 बजे के करीब अपने जबड़ा में गोली मारकर आत्महत्या की घटना को अंजाम दिया है। अनप्पा दुग्गल 2011 मे एसएसबी मे भर्ती हुए थे। उनका एक वर्ष पहले शादी हुई थी। एक संतान है। इसके पूर्व वें अरुणाचल प्रदेश मे ड्यूटी मे थे। अनप्पा दुग्गल कुछ दिन पूर्व अगस्त छुट्टी बीता कर आया था। घटना का पारिवारिक कारण होने की संभावना जतायी जा रही है।

## नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ छठ, खरना आज



**बरवाडीह/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था से जुड़ा महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार को नहाय खाय के साथ शुरू हुआ। प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में चार दिवसीय छठ पर्व की तैयारी पूरे जोर जोर से शुरू हो गया। सभी और छठ के गीतों से वातावरण भक्ति में हो गया है। छठ अनुष्ठान के पहले दिन छठ व्रतियों ने स्नान कर भगवान सूर्य की आराधना व नमन करते हुए पूरी आस्था के साथ चना दाल, अरवा चावल, कद्दू की सब्जी भोजन के रूप में ग्रहण कर इस चार दिवसीय छठ का अनुष्ठान शुरू किया। इसके साथ ही बुधवार को उपवास रहकर खड़ना महापर्व की तैयारी पूरे जोर–शोर के साथ शुरू हो गया। खारना महा पर्व में लोग पूरे दिन उपवास रहकर स्नान कर भगवान भास्कर की आराधना करते हुई पूरी पवित्रता एवं शुद्धता के साथ खीर बनाकर खीर भोजन करते हुई खारना पर्व मनायेगी। लोगों के बीच खीर भोजन का प्रसाद वितरण किया जायेगा। इसकी तैयारी पूरे प्रखंड में जोर शोर से शुरू हो गया है। वही छठ महापर्व मनाने को लेकर आज बाजारों में छठ महापर्व की सामग्री खरीदारी को लेकर काफी रौनक दिखी। बाजारों में छठ महापर्व को लेकर फल,सूप दौरा समेत और सामानों की कई दुकानें सजी हुई है। लोगों में छठ पर्व को लेकर काफी उत्साह बना हुआ है।

## डॉ रामेश्वर उरांव के पक्ष में किया जनसंपर्क



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पाखर पंचायत के तीसिया बाजार,नवा टोली, डुमर टोली में, इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव के पक्ष में, ज़िला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी एवं मंत्री प्रतिनिधि हाजी अफसर कुरैशी द्वारा, यहां समुदाय के बीच बैठक कर के जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए। मौके पर रीना कुमारी ने कहा कि विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने अपने कार्यकाल में, लोहरदगा विधानसभा का काफी विकास कराया है। इसी तरह लोहरदगा क्षेत्र में विकास के लिए पंजा छाप में वोट डाल कर उन्हें विजयी बनायें। हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राज्य वासियों के विकास को लेकर गंभीर है और महागठबंध के शासन में सीएम हेमंत सोरेन के द्वारा जिस प्रकार से लगातार राज्य में विकास कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार भी लोहरदगा में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए हम सब की मेहनत जारी है। बैठक में मुख्य रूप से रौनक इकबाल, उल्फत अंसारी, मुस्तफा अंसारी, राजेंद्र सिंह, पुष्पा कुमारी एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य के तीन स्पीड ब्रेकर झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी है जो, झारखंड के विकास में सर्वाधिक बाधक बने हुए हैं। विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता उनकी राजनीतिक छुट्टी करना सुनिश्चित करें। उपरोक्त बातें मंगलवार को स्थानीय समाहरणालय मैदान में आजसू और भाजपा द्वारा आयोजित लोहरदगा विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा। कहा कि, झारखंड में हवा का रुख साफ है यहां हेमंत सोरेन की गठबंधन की सरकार जा रही है और भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बहुमत से आ रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, झामुमो की नया डूब रही है। डूबती नैया से भागने वाले भली प्रकार जानते हैं कि राज्य और देश का भविष्य एनडीए के पास सुरक्षित है।

**सदन में सबसे पहले सरना कोड का मामला उठाऊंगी : नीरू शांति भगत**

आजसू नेत्री सह एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने कहा कि, खनिज संपदा से परिपूर्ण लोहरदगा जिले को बदहाली की स्थिति में कांग्रेस ला दिया है। कांग्रेस के विधायक और जनप्रतिनिधि जनता के सुख-दुख में भाग नहीं लेते हैं। सिर्फ चुनाव के समय जनता को ठगने के लिए पहुंचते हैं। कहा पति स्वर्गीय कमल किशोर भगत के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए चुनाव लड़ रही हूं। जनता का आशीर्वाद मिलेगा तो सदन में सरना कोड मामला उठाऊंगी।

## नीरू शांति के पक्ष के मांगा वोट

लोहरदगा विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन में आजसू केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने आजसू नेताओं और कार्यकताओं में चुनावी जोश व ऊर्जा का संचार किया। कहा, लोहरदगा के के परिवार को जानता हूं इस बार चुनाव में एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत को आशीर्वाद मिलेगा। कहा, लोहरदगा में शासक नहीं सेवक चाहिए। यहां के कांग्रेसी विधायक की पृष्ठभूमि पुलिस अधिकारी और शासक की है। जिससे जनता कभी उनके पास नहीं पहुंच पाती। जबकि, एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत नर्स सेवा से राजनीति में है। उसके खून और संस्कार में सेवा है। सुदेश महतो ने कहा, राज्य में एनडीए की सरकार बनने पर झारखंड आंदोलनकारी को फ्रीडम फाइटर का दर्जा दिया जायेगा।

## यह चुनाव झारखंड की अस्मिता बचाने की लड़ाई : तोखन साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा में आवास एवं शहरी मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू मंगलवार को चंदवा प्रखंड में दो जगहों में सभा आयोजित कर लोगों को संबोधित किया। पहली सभा भूषाड़ में हुई। ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति रिवाज के साथ मंत्री का स्वागत किया। मंत्री तोखन साहू ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में जो सरकार झारखंड में है, उनसे न तो विकास की उम्मीद की जा सकती है और न ही लोगों की सुरक्षा की उम्मीद की जा सकती है। उन्होंने कहा कि झारखंड को अलग राज्य का दर्जा देने का काम बीजेपी ने किया था, इसलिए इस राज्य को विकास के शिखर पर ले जाने का काम भी भाजपा ही कर सकती है। तोखन साहू ने आगे कहा कि हेमंत सोरेन सरकार से जनता को किसी प्रकार की कोई उम्मीद नहीं है, क्योंकि यह सरकार खुद ही एक सबसे बड़ी समस्या है। इसलिए झारखंड की समस्या से निजात दिलाने के लिए झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव जीतने के लिए सभी कार्यकर्ता ठीक उसी प्रकार सक्रिय हो जाएं, जिस प्रकार किसान अपने खेतों में अन्न उपजाने के लिए कड़ी मेहनत करता है। उन्होंने आगामी 13 नवंबर को भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम के पक्ष में मतदान करने की आह्वाहन किया। वही मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने भाजपाइयों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रचंड बहुमत के साथ प्रकाश राम को जिताना है, क्षेत्र में रुके हुए विकास के कार्य को आगे बढ़ाना है।

## जंगली हाथी ने महिला को मारा डाला

**गारु (आजाद सिपाही)।** पीटीआर के बारेसाढ़ वन क्षेत्र अंतर्गत कुजूरुम के जंगल में मंगलवार की देर शाम एक जंगली हाथी ने 55 वर्षीय महिला सूरत मुनिया देवी को पटक कर मार डाला। महिला गारू थाना क्षेत्र के रुद गांव की रहने वाली है। बता दे कि महिला जलावन के लिए लकड़ी चुनने कुजूरुम के जंगल में गई हुई थी। लेकिन लौटने के क्रम में जंगली हाथी ने उसे अपने चपेट में ले लिया और पटक कर मार डाला। मवेशी चरा कर लौट रहे चरवाहे ने महिला के शव को देख बारेसाढ़ थाना प्रभारी अजित कुमार को इसकी सूचना दी। जिसके बाद थाना प्रभारी और वन विभाग के कर्मियों ने अपने दलबल के साथ कुजूरुम जंगल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। इधर मृतक के परिजनों ने वन विभाग से उचित मुआवाजे की मांग की है।

## भाजपा के घोषणा पत्र का वितरण

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लोहरदगा नगर के विभिन्न चौक चौराहा में भाजपा के पंचप्रण घोषणा पत्र का वितरण किया गया। जिसमें भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि भाजपा के पांच बड़े वादों में गोगो दीदी योजना, लक्ष्मी जोहार योजना, घर साकार योजना, सुनिश्चित रोजगार योजना और युवा साथी योजना शामिल है। जिस तरह से हेमंत सरकार ने 5 साल ठगने का कार्य किया।


**Format C-2**

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

(As per the judgment dated 25 th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr)

Name of Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA**
Name of Election : **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY ELECTION-2024**
Name of State/UT : **JHARKHAND**

| 1 | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, Case No. & Stats of the Case (S) | Sections of The Acts Concerned & Brief Description of offence (S) | Name of Court & Dates (S) of Order (s) | Description of Offence (S) & Punishment Imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | 44-Baharagora | Samir Kumar Mohanty | SDJM,Ghatsila. Case No- G.R. No. 23/2020, Trial is undergoing. Charges have not been framed yet. | 379,384,353 of IPC.Case is related to disturbance in Government work, theft of govt. property and loss of government revenue | NA | NA | NA |
| 2 | 44-Baharagora | Samir Kumar Mohanty | Court of the ACJM,Ghatsila. Chakulia PS Case No. 68/2024. Under investigation by the police. | 223 BNS The case is related to disobeying the moral code of conduct during Vidhansabha Election-2024 | NA | NA | NA |

Sd/-
**SAMIR KUMAR MOHANTY**
**JHARKHAND MUKTI MORCHA (J.M.M)**
**JHARKHAND**



**प्रारूप C-1**

**आपराधिक पूर्वकृत्त के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार
(पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

नाम :- **पास्टर संजय कुमार तिर्की**
राजनीतिक दल का नाम :- **निर्दलीय**
निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा 2024**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **60, खूंटी**

मैं **पास्टर संजय कुमार तिर्की** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँः-

(A) लंबित अपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | न्यायिका दंडधिकारी प्रथमश्रेणी गुमला | कुरूमगढ़ थाना कांड सं. 10/24 11.09.2024 | लंबित | 316 (2) 318 (A) 356 / 178 BNS 2023 |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियों) | कार्यालय (यो) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

ह0/-
**पास्टर संजय कुमार तिर्की**
निर्दलीय विधानसभा 2024
झारखण्ड



**Format C-2**

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of the Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA**
Name of the Election: **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY- 2024**
Name of the State/UT: **JHARKHAND**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of Constituency | Name of candidate | (A)Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| Sl. No. | | | Name of Court. Case No. & Status of the case(s) | Sections of the Acts & concerned brief description of offence(s) | Name of The Court & Date (s) of Order (s) | Description of offence (s) & Punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| | **06-MAHESHPUR (ST)** | **STEPHEN MARANDI** | **SDJM, DUMKA Maheshpur PS case No. 168 of 2019 GR Case No.- 08 of 2022. For Appearance** | **U/S - 188 & 171(F) of the IPC. For using the vehicle without permission or authorization for election campaigning** | **NA** | **NA** | **NA** |

In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention The election concerned in place of name of constituency.

Sd./-
**JHARKHAND MUKTI MORCHA**
JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY- 2024
JHARKHAND

विमला प्रधान ने प्रेस वार्ता में दोहरायी भाजपा की घोषणाएं

# महिलाओं को 2100 प्रति माह, 500 में गैस सिलेंडर



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला के चुनावी कार्यालय में मंगलवार को प्रेस वार्ता आयोजित हुई। जिसमे मुख्य रूप से झारखंड सरकार की पूर्व मंत्री विमला प्रधान उपस्थित थीं। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विमला प्रधान ने कहा भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में 25 बिंदु पर अपना संकल्प पत्र जारी किया है। जिसमें गोगो दीदी योजना के तहत झारखंड के हर महिला को हर महीने 2100, लक्ष्मी जोहार योजना के तहत सभी परिवारों को 500 रु में गैस सिलेंडर, साल में दो मुफ्त सिलेंडर देगी। सुनिश्चित रोजगार के लिये प्रयासरत 287500 सरकारी पदों पर भर्ती, संघर्षरत स्नातक युवाओं को 2 साल तक प्रतिमाह 2 हजार रु, सपनों को घर साकार करने के लिए 21 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना फ्री बालू के साथ, झारखंड में झारखंड के विद्यार्थियों को न्याय दिलाने के लिए प्रमुख पेपर लीक की सीबीआइ जांच आदि समेत कई संकल्प पार्टी के घोषणा पत्र में है, जिसे भाजपा विश्वास के साथ पूर्ण करेगी।

## जारी में मिसिर कुजूर ने चलाया जनसंपर्क



**जारी (आजाद सिपाही)।** गुमला विधान सभा चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ ही प्रत्याशियों का जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। गुमला विधान सभा क्षेत्र के निर्दलीय उम्मीद्वार मिशिर कुजूर ने मंगलवार को जारी प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर लोगों से अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। मिसिर कुजूर ने जारी, सीकरी, गोविंदपुर, जर्दा, तिगरा सही काई गांव का दौरा किया और लोगों से अपील की वे 13 नवंबर को उसके पक्ष में मतदान कर विजय बनायें। श्री कुजूर ने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं को सुनते हुए उनको भरोसा दिलाया कि जीत के बाद वह इलाके के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस दौरन गांव के युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक का अच्छा समर्थन देखने को मिला।

## एएसडी एवं रंगीन मतदाता सूची का वितरण

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में को आशीष कुमार मंडल ने विधानसभा चुनाव को लेकर बीएलओ और सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक किया। बैठक मे पोल डे मॉनिटरिंग सिस्टम से संबंधित प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी गयी। इसके साथ ही एएसडी एवं रंगीन मतदाता सूची का वितरण किया गया साथ ही आइ कार्ड वितरण हुआ। ताकि सभी निर्वाचन कर्मी मतदान केंद्र में आई कार्ड पहन रहेंगे।जिससे उनकी पहचान होगी। इसके साथ ही आगामी 13 नवंबर को हर एक घंटे में मतदान केंद्र में मतदान का प्रतिशत का सूचना ब्लॉक परिसर में बने कंट्रोल रूम में सेक्टर मजिस्ट्रेट देंगे। मौके पर बीपीआरओ शंकर साहू, निर्वाचन कंप्यूटर सहायक ऑपरेटर ज्योतिलाल महतो सहित कई सेक्टर मजिस्ट्रेट सुपरवाइजर बीएलओ उपस्थित थे।

## भरनो में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम आयोजित

**भरनो (आजाद सिपाही)।** 67 सिसई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भरनो प्रखंड में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम प्रोजेक्ट हाई स्कूल भरनो एवं प्लस टू हाई स्कूल भरनो में किया गया। कार्यक्रम में आगामी विधानसभा चुनाव 13 नवंबर 2024 को सुबह 7:00 बजे से 5:00 बजे की अवधि में सभी मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र में पहुंचकर वोट देने का प्रेरणा देने हेतु स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को बतलाया गया तथा अपने-अपने क्षेत्र के लोगों को घर-घर जाकर वोट देने के लिए समझाने की बात कही गयी। स्वीप कार्यक्रम से संबंधित मतदाता मार्गदर्शिका, इवीएम मशीन युक्त पोस्टर ,पंपलेट आदि सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम प्रखंड स्वीप नोडल पदाधिकारी सह प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कृष्ण ओहदार के द्वारा विद्यालय के सभी शिक्षकों के सहयोग से किया जा रहा है निश्चित रूप से इस कार्यक्रम से मतदान प्रतिशत बढ़ेगा।

# आम आदमी पार्टी ने डॉ अजय कुमार को जिताने का लिया संकल्प



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** आम आदमी पार्टी महिला जिला अध्यक्ष के नेतृत में इंडिया गठबंधन का बैठक आयोजित की गई।मंगलवार को बैठक के दौरान आम आदमी पार्टी के तमाम पदाधिकारियों ने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा से प्रत्याशी पूर्व एसपी डॉक्टर अजय कुमार को फूल माला और अंग वस्त्र भेट कर भव्य स्वागत किया।वही इंडिया गठबंधन के तमाम पदाधिकारी ने डॉ अजय कुमार को पूर्ण बहुमत से विजय बनाने का संकल्प लिया। मौके पर डॉ अजय कुमार ने कहा मालिकाना हक जनता का वर्सो पुरानी मांग है। इसके साथ शिक्षा स्वास्थ्य की समस्या पर भी है। इस अवसर पर डॉ अजय कुमार ने सीतारामडेरा व उरांव बस्ती में पदयात्रा कर एक एक जनता से मुलाकात की। साथ कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर आम आदमी पार्टी के तमाम पदाधिकारी गण, आरजेडी के वरिष्ठ नेता ललन यादव व अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष बलदेव सिंह सरदार, झारखंड मुक्ति मोर्चा के महानगर अध्यक्ष दल गोविंद लोहारा, वरिष्ठ नेता प्रमोद लाल, कांग्रेस पार्टी के चुनाव प्रभारी राकेश कुमार तिवारी, अरुण कुमार सिंह, रजनीश सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता सजाद खान, अधिवक्ता विनीत मिश्रा, प्रोफेसर शालिग्राम मिश्र,विश्वनाथ महतो, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दद्दन सिंह, महिला नेत्री पूर्वी दत्ता, महिला नेत्री विजयलक्ष्मी, श्वेता झा, श्रीमती रेखा देवी, आम आदमी पार्टी के जिला सचिव शंभू सिंह, वरिष्ठ नेता उपेंद्र कुमार पांडे, आनंद गणेशन,शंकर ठाकुर, मोहम्मद इसराइल अंसारी, दिलीप महतो सहित अन्य पदयात्रा में शामिल रहे।

# जमशेदपुर पूर्वी में छठ व्रातियों के लिए सुविधाएं बढ़ायेंगे : पूर्णिमा साहू



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू का सघन प्रचार अभियान बदस्तूर जारी है। मंगलवार को छठ पर्व के मौके पर अभियान चलाकर लोगों को नहाय-खाय की शुभकामनायें दीं। मोकर पर उन्होंने लोगों से वादा किया पूरे विधानसभा क्षेत्र में छठ की महत्ता बढ़ाने और व्रतियों की सुविधाओं के लिए पूर्व की भांति कार्य किये जाएंगे। पूर्णिमा साहू ने कहा क्षेत्र का चौतरफा विकास हीं हमारा लक्ष्य है। वही उन्होंने गोलमुरी में कैलाश नगर, टाटा लाइन, विजय नगर, रामदेव बगान, देबुन बगान, नानक नगर, नामदा बस्ती में पद यात्रा की और लोगों से संपर्क साधा। दौरे के क्रम में समस्याओं से भी अवगत हुईं और समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर दिनेश कुमार, पप्पू उपाध्याय, विमला साहू, मिथिलेश सिंह यादव,अमित अग्रवाल सहित काफी संख्या में महिलायें और पुरुष शामिल रहे।

दूसरे ओर उन्होंने बारीडीह 10 नं. बस्ती के छन्नी बाबा गुरुद्वारा में माथा टेका और प्रबंधक कमेटी के सदस्यों से मुलाकात की। इस मौके पर बिंदर मासी, रज्जी बहन, सोनी बहन, नींदर बहन, जसपाल बहन सहित काफी संख्या में महिलायें मौजूद रहे।सभी ने पूर्णिमा साहू का अभिनंदन किया। पूर्णिमा साहू नेपाली सेवा समिति की बैठक में भी गयी, जहां उन्हें भरपूर समर्थन का आश्वासन मिला।


## प्रारूप C-1

### आपराधिक प्रकरणों के सम्बन्ध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायलय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और आर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यार्थी का नाम और पताः **रामवतार राम, ग्राम+पो.+पंचायत-कसियाडीह, थाना- टण्डवा, पिन-825321 जिला-चतरा, झारखंड,**

राजनीतिक दल का नामः **बहुजन समाज पार्टी**

निर्वाचन का नाम : **झारखंड विधान सभा चुनाव 2024**

निर्वाचन क्षेत्र का नामः **26-सिमरिया विधानसभा (अ.जा.)**

मैं **रामवतार राम** (अभ्यर्थी का नाम ), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यार्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्वव्रित्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूंः

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | सबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सी.जे.एम कोर्ट चतरा | थाना–टण्डवा जिला चतरा कांड संख्या 125/2020 | अंतिम आरोप प्रपत्र के लिए लंबित | आई. पी. सी. 143,149,279,270,341,342,353,385,290,425 |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का कोई विवरणः लागू नहीं होता है।

ह/0
रामवतार राम
बहुजन समाज पार्टी
सिमरिया विधानसभा (अ.जा.)

## Format C-2

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

As per the judgment dated 25" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party: **AJSU PARTY**
Name of Election : **JHARKHAND STATE ASSEMBLY ELECTIONS, 2024**
Name of State/ UT: **JHARKHAND**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal Cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, Case No. & Status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | **24 – Mandu** | **Shri Nirmal Mahto** | Chief Judicial Magistrate, Ramgarh G.R. Case No.1303 /2011arising out of Ramgarh PS Case No.122/2011 Stage: Evidence | Offence u/s 147, 148, 149, 114, 448, 427 IPC (Offence related to unlawful assembly and rioting) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | Additional Chief Judicial Magustrate, Ramgarh G.R. Case No.710/2016 arising out of Mandu PS Case No. 186/2016 Stage: Appearance | Offence u/s 147, 148, 149, 114, 448, 427 IPC(Offence related to unlawful assembly and rioting) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | Smt. Piyesha Singh Sardar 1st Class J.M., Ramgarh, G.R. Case No. 561/2017 arising | Offence u/s 419, 420, 467, 468, 471, 120(B), 34 IPC (Offence related to | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | out of Patratu PS Case No.140/2017 Stage:Appearance Smt. Pratima Oraon, J.M. Ramgarh G.R. Case No. 583/ 2022 arising out of Ramgarh PS Case No. 415/2020 Stage: Appearance | cheating and forgery) Offence u/s385, 387, 34 IPC (Offence related to fear of injury to commit extortion) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | Smt. Pratima Oraon, J.M. Ramgarh G.R. Case No. 55/2021 arising out of Ramgarh PS Case No. 279/2020 Stage: Appearance | Offence u/s 147 269, 270, 271 IPC & u/s 2, 3, 4 of the Epidemic Disease Act (Negligent Act Likely to Spread Infection of DiseaseDangerous) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | SDJM, Ramgarh G.R. Case No. 927/2020 arising out of Ramgarh PS Case No. 278/2020 Stage: Evidence | Offence u/s 148, 149, 385, 387, 379, 427, 504, 506 IPC (Offence related to unlawful assembly, rioting and ors.) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | Smt. S. S. Minze, J.M., Hazaribagh G.R. Case No. 4261/2013 arising out of Giddi PS Case No. 68/2013 Stage: Appearance | Offence u/s 341, 323, 34 IPC (Offence related to Wrongful Restraint & Voluntarily Causing Hurt) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | Ms. Priyanka Chopra, JM Hazaribagh G.R. Case No.1529/ 2023 arising out of Giddi PS Case No. 109/2022 Stage: Appearance | Offence u/s 341, 323, 353, 504, 506, 34 IPC(Offence related to Wrongful Restraint, Voluntarily Causing Hurt & Assault) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | ACJM, Tenughat Nawadih P.S. Case No. 66/2023 Stage: Appearance | Offence u/s 353, 171C, 171F, 34 IPC (Offence related to undue influence at elections) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | Smt. S. S. Minze, J.M., Hazaribagh Giddi PS Case No. 69/2013 Stage: Appearance | Offence u/s 147, 148, 149, 323, 341, 504 IPC (Offence related to Wrongful Restraint) | **NA** | **NA** | **NA** |

**Sd./-**
**AJSU PARTY**
**JHARKHAND**

# भगवान भास्कर की कृपा हमारे शहर पर बनी रहे : अरुणा शंकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नेतृत्व में मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर के सौजन्य से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोयल रिवर फ्रंट के गंगा आरती मंच पर हजारों छठ व्रतियों को सूप, नारियल,आम की लकड़ी, गुड एवं पूजा सामग्री वितरण की। इससे पहले प्रथम महापौर चैनपुर के महान क्लब द्वारा वितरित किये जा रहे पूजा सामग्री कार्यक्रम में जाकर प्रसाद वितरण करते हुए सभी ब्रतियों से आशीर्वाद ली इसके उपरांत कोयल रिवर फ्रंट गंगा आरती मंच पर हजारों लोगों को छठ सामग्री वितरण करते हुए प्रथम महापौर ने कहा कि मैं भगवान सूर्य से अपने परिवार एवं मेदनीनगर की देवतुल्य जनता हेतु सुख शांति और समृद्धि के लिए भगवान भास्कर से प्रार्थना करती हूं। प्रथम महापौर ने कहा कि आज से हम हिंदुओं का महापर्व छठ प्रारंभ हो गया है। हर जगह अपने-अपने स्तर से कई समाजसेवी सेवा देने की तैयारी कर रहे हैं। लायंस क्लब द्वारा अमानत घाट में तैयारी की जा रही है वहीं चेंबर द्वारा कोयल रिवर फ्रंट पर गंगा आरती एवं दूध, दातुन की व्यवस्था की गई है। कई समाजसेवी संगठन रोड़ की सफाई में जुटे हैं वही मेदिनीनगर निगम के कर्मी पूरे शहर की सफाई और नदी की सुरक्षा में लगे हैं जो बधाई के पात्र है। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि इस पर्व के साथ 13 तारीख को हमारे राज्य का महापर्व है जिसमें मतदान कर एक स्वच्छ सरकार बनानी है जिसके लिए ज्यादा से ज्यादा मतदान करना अनिवार्य है।

# विकास कार्यों को मिलेगी प्राथमिकता : ब्रह्मदेव प्रसाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी और ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने व्यापक जनसंपर्क अभियान का आयोजन किया। इस अभियान के दौरान उन्होंने कई गांवों का दौरा कर क्षेत्रीय विकास, जनहित के मुद्दों और सामाजिक एकता पर जोर दिया। जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत बीडी प्रसाद लेदुका, बरवाही, पचामा, कुटुमू, फुलिया, तीसीबार, ढांचाबार, डाला, बसडीहा, बढ़ीहा, भटवलिया, कुड़वा, छोटी महुगावां, कोल्हू, पांडू, गगनकेड़ी, मूसा, कजरुकला, रतनाग, गुवासरई और बेलहारा जैसे गांवों में पहुंचे। उन्होंने गांव-गांव जाकर जनता के साथ संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को सुना। ब्रह्मदेव प्रसाद ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि वे क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे और ओबीसी एकता अधिकार मंच के माध्यम से समाज के हाशिए पर खड़े लोगों की आवाज बुलंद करेंगे।

**जनसभा में उमड़ा जनसैलाब, ब्रह्मदेव प्रसाद ने मांगा जनता का समर्थन**

कांडी प्रखंड के सोनभद्र आदर्श इंटर कॉलेज के सामने जनसभा का आयोजन हुआ। जिसमें ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष एवं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद ने अपने समर्थकों को संबोधित किया। अपने ओजस्वी भाषण में ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि मेरा एकमात्र उद्देश्य है कि मैं अपने समाज के अधिकारों के लिए लड़ सकूं। अगर आप सबका साथ मिला तो मैं एससी, एसटी और ओबीसी के हक और अधिकार के लिए विधानसभा में मजबूती से आवाज उठाऊंगा।

# कमलेश सिंह ने सुदूरवर्ती क्षेत्र महुदंड पंचायत का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने मंगलवार को हुसैनाबाद के सुदूरवर्ती जंगलों पहाड़ों से घिरे महुदंड पंचायत का दौरा किया। ग्रामीणों ने फूल माला देकर उनका भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि गत चुनाव में उन्होंने जो वादा किया था, उसे पूरा करने का काम किया है। महूदंड रोड का निर्माण कराने के साथ साथ विभिन्न गांव में विधायक कोटा की राशि से विकास के कार्य किये गये है। महूदंड की जनता की मांग पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने का काम किया है।

# भाजपा प्रत्याशी आलोक ने किया जनसंपर्क

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान विधायक आलोक कुमार ने चैनपुर प्रखंड के सैकड़ों गांवों में जन-संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने जनता से अपने पिछले कार्यकाल के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए समर्थन और आशीर्वाद की अपील की। ग्रामीण क्षेत्रों में गहरी पैठ बनाने के लिए आलोक कुमार ने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और अपने भविष्य के विकास योजनाओं को साझा किया। जन-संपर्क अभियान के दौरान आलोक कुमार ने कहा, ₹हमने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। हमारे प्रयासों का परिणाम है कि चैनपुर प्रखंड में सड़कें, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं पहले से कहीं बेहतर स्थिति में हैं।

## Format C-1

Declaration about criminal cases
(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name and address of candidate : **Sunil Kr Sinha & Sunil Kr. Yadav**
Name of political party : **Independent**
*(Independent candidates should write "Independent" here)*
Name of Election : **M.L.A.**
Name of Constituency : **Kodarma**
I **Sunil Kumar Sinha** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offences(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Miss Namita Minj, J. M. | G. R. 540/22 | Evidance | 188, 171(f), 166 (A) |
| 2. | Miss Namita Minj | GR-124/19 | Evidance | 144, 199, 323, 427, 504, 353 IPC |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| SL. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | | | |

In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/
**Sunil Kumar Sinha**
**Independant**
**Kodarma (Jharkhand)**

## प्रारूप C-1

**आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यार्थी का नाम और पता :- **शिशिर टोप्पो, कोचेडेगा, लिची बगान**
राजनीतिक दल का नाम :- **भारत आदिवासी पार्टी**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **70, सिमडेगा** ST **विधानसभा चुनाव**
राज्य का नाम : **झारखण्ड**

मैं **शिशिर टोप्पो** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ:-

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला एवं सत्र न्यायालय सिमडेगा | 3/2024 | उच्च न्यायलय द्वारा प्रकरण में रोक है | 147,148,149,353,332,333, 504,120B,506,IPC |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |
| | NA | NA | NA |
| | NA | NA | NA |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

ह0/-
**शिशिर टोप्पा**
भारत आदिवासी पार्टी
निर्वाचन विधानसभा 2024

## Format C-7

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why to her individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.
(As pet the commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble supreme Court in contempt petition (C) No.. 2192 of 2018 in wp (C) No. 536 of 2011)

Name of the Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA**
Name of Election : **VIDHAN SABHA 2024**
Name of State /UT : **JHARKHAND**
(I) Name of the Constituency :- **69- Bishunpur Assembly (ST)**
Name of the Candidate : **SRI CHAMRA LINDA**

| Sl. No. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | (1) Criminal attendants | | |
| | a. | Nature of the offences | Deter Public servant from discharging of his duty |
| | b. | Case No. | In the Court of M.P./M.L.A. Ranchi, Jagarnathpur P.S. No.- 115/2013 dated 21.05.2013 Gr-2611/2013 |
| | c. | Name of the Court | I/C, J.M M.P/M.L.A., Court Ranchi |
| | d. | Whether changes have been frame or not (yes/no) | No. |
| | e. | Date of conviction, if any | Not applicable |
| | f. | details of punishment undergone, if any | Not applicable |
| | g. | Any other information required to be given | Already on bail to cont. |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference qualification, 10 the achievements andmetit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | Three times M.L.A. from Bishunour constancy and whip (sachetak) from SLA Jharkhand State |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not wore than 100 words) | | Sri Chamra Linda is law abiding citizen. He is very well experienced and sincere party worker that is why he has been selected party candidate from Bishunpur constituency. No other individual with such ezperience could be identified for the same. |

Sd/.
**SRI CHAMRA LINDA**
**JHARKHAND MUKTI MORCHA**
**VIDHAN SABHA JHARKHAND 2024**

(for candidate to publish in Newspapers, TV)
**Declaration about criminal cases**
(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs Union of India & Anr.)
Name and address of candidate: **YOGENDRA PRASAD**
Name of political party: **JMM**
Name of Election : **Legislative Assembly, Jharkhand.**
Name of Constituency :**34, GOMIA**
I **Yogendra Prasad** (Name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information of following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | N.A | N.A | N.A | N.A |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of office(s) & punishment inposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| N/A | The Sub-divisional Judicial Magistrate, Ramgarh, Case-53/2010, Dated-31.01.2018 | U/s -414, 120(B) of Indian Penal Punishment- 3years & Rs. 5000 penalty | 3years & Rs. 5000 penalty<br>Note-This case (53/2010) was disposed off on 07.01.2020 & I am acquitted from all charges) Criminal Appeal-06/2018 Court-Principle District & Sessions Judge, Ramgarh. Date of disposal-07.01.2020 Nature of order passed- Acquitted from all charges |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concern

# अधिवक्ताओं और वादियों को सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता: जिला जज

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद सिविल कोर्ट के नए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने मंगलवार को सिविल कोर्ट में अपना योगदान दिया । जिला जज श्री तिवारी की पदस्थापना धनबाद में तीसरी बार हुई है। इससे पूर्व वर्ष 2001 में इन्होंने प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी के रूप में धनबाद में योगदान दिया था फिर वर्ष 2018 में धनबाद के लेबर जज के रूप में दो वर्षों तक काम किया और आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में अपना योगदान दिया है। जिला जज तिवारी ने कहा कि अधिवक्ताओं एवं वादकारियों को बेहतर सुविधा दिलवाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी इसके अलावे झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के तहत पुराने मामलों को त्वरित निष्पादन करना, न्यायालय परिसर को साफ एवं सौंदर्यकरण करवाना उनके कार्य में प्रमुख है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चिन्हित कार्यों को त्वरित निष्पादन करना तथा अदालत में लंबित वादों को निपटारा कर अदालत के बोझ को कम करना है। उन्होंने कहा कि सबको सुलभ न्याय मिले तथा समाज में किसी प्रकार की विघटन की स्थिति पैदा ना हो ताकि आने वाली पीढ़ी पर न्यायालय के प्रति आस्था बरकरार रहे। अदालत परिसर की सुरक्षा के संबंध में उन्होंने कहा कि अदालत परिसर की सुरक्षा का हर पहलू का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जायेगी इसके लिए धनबाद के एसपी से शीघ्र ही वार्ता कर आवश्यक निर्देश दिए जायेंगे।

## महिला समिति ने जगन्नाथ मंदिर परिसर में सजावटी जलाशय का उद्घाटन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** शहर सौंदर्यीकरण हेतु अनिता तिवारी, अध्यक्षा महिला समिति, बोकारो के कर कमलों द्वारा संध्या जगन्नाथ मंदिर परिसर में सजावटी जलाशय का उद्घाटन किया गया। मुख्य मंदिर के दोनों तरफ एक-एक फव्वारा मंदिर की शोभा बढ़ा रहा है तथा दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बना है। छठ पूजा के नहाये-खाये से समिति की कार्यकारिणी दल की उपस्थिति में अध्यक्षा द्वारा इसका शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मोनिका रंगानी, निशा श्रीवास्तव, प्रीति शरण सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी, सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार, अनीशा झा, प्रीति राजेश, जया, आशा, समिता ने दीप जलाया तथा पूजा अर्चना की।

## 2014 में लोकसभा चुनाव हारने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी 10 साल तक नहीं दिखे: राज सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अजय दुबे का यह कहना कि दस वर्षो में धनबाद में विकास स्थिर है। इस बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी अजय दुबे 2014 में लोकसभा का चुनाव लड़े और हारने के बाद दस साल गायब रहे और फिर 2024 के चुनाव में आएं हैं। फिर से क्रिति आजाद की तरह हारेंगे और चले जायेंगे। यह बातें राज सिन्हा ने भाजपा की संचालन समिति की बैठक के उपरांत मिडिया से बातचीत में कही। उन्होंने कहा जनसंपर्क के दौरान जनता का आपार समर्थन मिल रहा है।इस बार जीत के बाद धनबाद को




अपराध मुक्त बनाना, मैथन जलापूर्ति योजना फेज-2 का काम को पूरा कराना, 2019 में शुरू हुई विद्युत योजना, सड़क की योजना ऐसे जितने भी कार्य पांच सालों में हेमंत सरकार में ठप पड़ गये हैं उन्हें फिर से धरातल पर लाना प्राथमिकता में हैं। संचालन समिति की बैठक में मुख्य रूप से राज सिन्हा के अलावे पूर्व सांसद पीएन सिंह, विधानसभा प्रभारी सुनील पासवान, अरुण राय, मानस प्रसून, जिला अध्यक्ष श्रवण राय , महेंद्र शर्मा एवं धनबाद विधानसभा संचालन समिति के तमाम सदस्य मौजूद हुए। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं चुनाव में जीत सुनिश्चित को लेकर बैठक में चर्चा की गयी।

## निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव ने महुदा में किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



महुदा (आजाद सिपाही)। बाघमारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महुदा बजार में बाघमारा से निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्ययालय का उद्धघाटन प्रत्याशी यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान महुदा क्षेत्र के तमाम गांव एवं वार्डो से उनके समर्थक सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता पहुंचे थे। प्रत्याशी यादव ने अपने पदाधिकारियों व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए एकजुटता से कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि चुनाव उम्मीदवार नहीं, बल्कि पार्टी के कार्यकर्ता लड़ते हैं। क्षेत्र के विकास के लिए सभी कार्यकर्ताओं को तन मन से लगना होगा। उक्त अवसर पर चुनाव कार्यालय के प्रभारी अधिवक्ता निर्मल कुमार रवानी, दिलिप मिश्रा, धीरज हजारी, महेन्द्र राय, अनिल रजक, सुचित रवानी, खालीद शेख, गुड्डु दशोन्धी, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजुद थे।

## कांग्रेस के प्रधान चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को जनता मार्केट के बगल में धनबाद विधानसभा इंडिया गठबंधन कांग्रेस का प्रधान कार्यालय का उद्घाटन झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह के कर-कमलो के द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनबाद विधानसभा इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे मुख्य रूप से मौजूद थे। लोगों में इंडिया गठबंधन के प्रति काफी उत्साह दिखा और लोग उद्घाटन कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी, मदन महतो, मनोज यादव, योगेंद्र सिंह योगी, शिव प्रधान यादव सहित लोग मौजूद थे।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग

(उत्पाद शाखा)

-: आदेश :-

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड, रॉची के पत्रांक–01/नि0वि0–22–23(पार्ट)/2020/5578 दिनांक–17.10.2024 एवं संयुक्त आयुक्त उत्पाद, झारखंड, रॉची के पत्रांक–1/नीति–05–10/2022–2207 दिनांक– 18.10.2024 के द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में 20 बरकठा, 21 बरही, 22 बड़कागॉव, 25 हजारीबाग एवं 24 माण्डु विधानसभा क्षेत्रों में झारखंड विधान सभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर हजारीबाग जिलान्तर्गत सभी प्रकार की मदिरा तथा मादक पेय पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करते हुए झारखंड उत्पाद अधिनियम, 1915 की धारा 26(1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मैं नैन्सी सहाय, भा0प्र0से0, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, हजारीबाग लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135(ग) के आलोक में आदेश देती हूँ कि उक्त निर्वाचन के अवसर पर मतदान समाप्ति के लिए नियत समय के 48 घंटा पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना के दिन तथा यदि आवश्यक हुआ तो पुर्नमतदान के दिन को सम्पूर्ण हजारीबाग जिला में निम्न प्रकार शुष्क दिवस (Dry Day) घोषित किया जाता है–

| मतदान चरण | मतदान /मतगणना की निर्धारित तिथि | शुष्क दिवस | मतदान का क्षेत्र | शुष्क दिवस (ड्राई डे) की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम चरण | 13.11.2024 | सम्पूर्ण हजारीबाग जिला | 20–बरकठा, 21–बरही, 22–बड़कागॉव, 25–हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र | दिनांक 11.11.2024 के 5.00 बजे अपराह्न से दिनांक 13.11.2024 के अपराह्न 5.00 बजे तक। |
| द्वितीय चरण | 20.11.2024 | सम्पूर्ण हजारीबाग जिला | 24–माण्डू | दिनांक 18.11.2024 के 5.00 बजे अपराह्न से दिनांक 20.11.2024 के अपराह्न 5.00 बजे तक। |
| मतगणना | 23.11.2024 | सम्पूर्ण हजारीबाग जिला | – | सम्पूर्ण दिन (दि0 23.11.2024) |

शुष्क दिवस की उक्त अवधि में हजारीबाग जिले में संचालित होने वाली सभी खुदरा शराब की दुकानें, होटल, बार, सी0एस0डी0 कैन्टीन सहित अन्य सभी उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे तथा किसी प्रकार के होटल, भोजनालय, पाक्शाला, दुकान तथा शराब बेचने या परोसेने वाले प्रतिष्ठान में अथवा निजी या सार्वजनिक स्थल पर कोई भी स्प्रिट्युक्त, मादक लिकर या वैसी प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो बिक्रय किया जायेगा न परोसा जाएगा और न ही वितरित किया जायेगा।

ह0/–

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, हजारीबाग

PR 339872 Election (24-25)_D


# गोमिया की जनता को है मुझ पर विश्वास, इस बार भी मिलेगा उसका साथ: डॉ लंबोदर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोमिया।** गोमिया विधायक सह राजग समर्थित आजसू पार्टी के उम्मीदवार डॉ लंबोदर महतो ने आज धवैया, कंडेर, महुआ टांड़, बड़की पुन्नू और छोटकी पुन्नू में पदयात्रा कर जनसंपर्क किया। इस क्रम में उन्होंने एक-एक घर और लोगों से मिलकर गोमिया की उन्नति और प्रगति के लिए पुनः आशीर्वाद मांगा। कहा कि हमने गोमिया के लोगों के हितों का बराबर ध्यान रखा है और आगे भी रखेंगे। गोमिया के लोग तरक्की करें क्षेत्र उंनति के मामले में आगे रहे, इसी इसी सोच के साथ काम करता हूं। कहा कि गोमिया की जनता जल, जंगल, जमीन और माटी बेटी व रोटी की रक्षा करने वाली आजसू पार्टी और एनडीए के साथ खड़ी है। लोगों का रुझान पूरी तरह से एनडीए के पक्ष में बना हुआ है। हमें यह यकीन है कि मेरे किए हुए कार्यों, सामाजिक सरोकार को लोग भूलेंगे नहीं और अपना आशीर्वाद हमें पुनः देंगे। पदयात्रा और जनसंपर्क करने के दौरान लोगों ने जगह-जगह डॉ लंबोदर महतो का स्वागत किया और उनके पक्ष में वातावरण नारों से गूंजायमान कर दिया। इस चुनाव प्रचार अभियान में अरविंद करमाली, संतोष साव, विक्रम साव, अंकेश्वर महतो, अनिल महतो, आनंद महतो,रघुनाथ महतो, पूनम देवी, मीनी देवी, महेश महतो , धनेश्वर महतो, भगवान दास, बालमुकुंद प्रसाद, शेखर महतो, किशुन महतो, मुंशी महतो, उमेश महतो, रघुनाथ महतो इंद्र नाथ महतो, राजेश महतो, नरेश महतो, बलदेव महतो, रवि केवट, महेंद्र केवट, चंदन महतो, वकील महतो और त्रिपुरारी महतो सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल शामिल थे।


## प्रारूप -C1

### आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **नीलकंठ सिंह मुण्डा, ग्राम-माहिल जामटोली, पो० माहिल, थाना- मुरहूजिला - खूंटी**

राजनीतिक दल का नाम :- **भारतीय जनता पार्टी**

निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा 2024**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **60 खूंटी (अ.ज.जा)**

मैं **नीलकंठ सिंह मुण्डा** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ:-

A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्रम सं0 | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधी का संक्षिप्त विवरण) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री सार्थक शर्मा न्यायिक दण्डाधिकारी, राँची | लालपुर थाना कांड संख्या 203 / 24 दिनांक 23.08.2024 | लम्बित फाईनल फार्म हेतु | 191 (1) 190/ 115 (2) 117 (2)/109)/121(1)125 /132/324 (2) 351(2)252/61 (2) BNS - नाजायज मजमा लगाकर सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए जानलेवा हमला करना। |
| 2. | WPC | 735/24 | Quasing petition related to लालपुर 203/24 | |

B) दंडनीय अपराध के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्रम सं0 | न्यायालय का नाम और आदेश आदेशों की तिथि | कार्यलय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड | |
|---|---|---|---|---|
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख।

ह0

**नीलकंट सिंह मुण्डा**

भारतीय जनता पार्टी

विधानसभा 2024


## 104वें वार्षिक गोपाष्टमी मेला का आयोजन



**धनसार (आजाद सिपाही)।** श्रीं श्रीं झरिया धनबाद गौशाला का 104 वां वार्षिक अधिवेशन एवं दो दिवसीय गोपाष्टमी मेला का आयोजन आगामी 9 एवं 10 नवंबर को गौशाला प्रांगण में धूमधाम से मनाया जायेगा। उक्त बातें गौशाला प्रांगण में प्रेस वार्ता के दौरान गौशाला कमेटी के पदाधिकारीयो ने कही गौशाला कमेटी अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे गौशाला प्रांगण से गौ माता की शोभा यात्रा का प्रस्थान कर किया जायेगा। इस दौरान यात्रा श्याम मंदिर प्रांगण झरिया एवं दुर्गा मंदिर पुराना बाजार धनबाद तक जायेगी। गौ भक्त और मेला अध्यक्ष रामनाथ मित्तल गोपूजन करेंगे। वही संध्या 4 बजे ध्वज तोलन एवं मूर्ति मंडप परिक्रमा की जायेगी। गौशाला का उद्देश्य से बूढी, लाचार गाय की सेवा करना है। वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ,वशिष्ठ अतिथि पशुपतिनाथ सिंह, चंद्रशेखर अग्रवाल, धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह एवं भाजपा नेत्री रागिनी सिंह उपस्थित रहेंगे।


## Format C1

### Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: **Mahesh Thakur, New Colony, P.O. -Barhi, P.S.- Barhi, Dist-Hazaribag- 825405**

Name of political party: **Nationalist Congress Party**

Name of Election: **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY ELECTION 2024**

Name of Constituency: **21 Barhi JHARKHAND**

**I Mahesh Thakur** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(5) Pending criminal cases

(i) I declare that there is no pending criminal case against me. (Tick this alternative if there is no criminal case pending against the Candidate and write NOT APPLICABLE against alternative (ii) below)

OR

(ii) The following criminal cases are pending against me:

(If there are pending criminal cases against the candidate, then tick this alternative and score off alternative (i) above, and give details of all pending cases in the Table below)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | FIR No. with name and address of Police Station concerned | Barhi Ps Case No-34/2019 | N.A | N.A |
| (b) | Case No. with Name of the Court | 34/2019S.D.J.M.Hazaribag | N.A | N.A |
| (c) | Section(s) of concerned Acts/Codes involved(give no. of the Section, e.g. Section ..... of IPC, etc.). | u/s 506/34of IPC | N.A | N.A |
| (d) | Brief description of offence | Threatening and abuse | N.A | N.A |
| (e) | Whether charges have been framed (mention YES or NO) | or witness | N.A | N.A |
| (f) | If answer against (e) above is YES, then give the date on which charges were framed | No | N.A | N.A |
| (g) | Whether any Appeal /application for revision has been filed against the proceedings (Mention) yes or no | No | N.A | N.A |

(6) Cases of conviction

(i) I declare that I have not been convicted for any criminal offence. (Tick this alternative, if the candidate has not been convicted and write NOT APPLICABLE against alternative (ii) below)

OR

I have been convicted for the offences mentioned below:

(If the candidate has been convicted, then tick this alternative and score off alternative (i) above, and give details in the Table below)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | Case No. | N.A | N.A | N.A |
| (b) | with Name of the Court | N.A | N.A | N.A |
| (c) | Section(s) of concerned Acts/Codes involved(give no. of the Section, e.g. Section ..... of IPC, etc.). | N.A | N.A | N.A |
| (d) | Brief description of offence for which convicted | N.A | N.A | N.A |
| (e) | Dates of orders of conviction | N.A | N.A | N.A |
| (f) | Punishment imposed | N.A | N.A | N.A |
| (g) | Whether any Appeal /application for revisionhas been filed against the proceedings (Mention) yes or no | N.A | N.A | N.A |
| (e) | If answer to (g) above is yes, give details and present status of appeal | N.A | N.A | N.A |

**(6A)** I have given full and up-to-date information to my political party about all pending criminal cases against me and about all cases of conviction as given in paragraphs (5) and (6) **[candidates to whom this Item is not applicable should clearly write NOT APPLICABLE IN VIEW OF ENTRIES IN 5(1) AND 6(i), above]**

**Sd./-**

**Mahesh Thakur**

**Nationalist Congress Party**

**21 Barhi Jharkhand**

# मुख्यमंत्री ने ओड़िशा में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए दिया प्रस्ताव

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में केंद्रीय हिंदी समिति की 32वीं बैठक मंगलवार को नयी दिल्ली में हुई। इस बैठक में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने ओड़िशा में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए कुछ प्रस्ताव रखे। वे हैं- ओड़िशा में विशेष हिंदी शिक्षण संस्थानों की स्थापना- मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिक संख्या में हिंदी शिक्षक तैयार करने और हिंदी साहित्य को बढ़ावा देने के लिए राज्य में विशेष हिंदी शिक्षण संस्थानों की आवश्यकता है। ओड़िया-हिंदी अनुवाद केंद्र की स्थापना-ओड़िया और हिंदी भाषाओं के प्रचार के लिए दोनों भाषाओं के प्रचार-प्रसार के लिए दोनों भाषाओं की मौलिक साहित्यिक कृतियों एवं अन्य कृतियों का अनुवाद आवश्यक है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के राजभाषा विभाग के वित्तीय सहयोग से एक विशेष अनुवाद केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। अधिक सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों का आयोजन- हिंदी और ओड़ीया



भाषा और साहित्य के बीच अधिक सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने की आवश्यकता है। इन सभी कार्यक्रमों में विभिन्न राज्यों के कवियों, लेखकों, साहित्यकारों एवं बुद्धिजीवियों को अवश्य भाग लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अपने प्रस्ताव में कहा कि इससे हिंदी और ओड़िया के बीच साहित्यिक और सांस्कृतिक संबंध बढ़ेंगे। दोनों भाषाओं में शोध एवं अनुसंधान के लिए ओड़िशा में एक अंतर-भाषा अनुसंधान संस्थान स्थापित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे दोनों भाषाओं के पारस्परिक विकास की योजना बनायी जा सकेगी।

मुख्यमंत्री ने शिक्षा प्रणाली में हिंदी शिक्षण के लिए आवश्यक संसाधनों के लिए राज्य को केंद्रीय अनुदान और विशेष सहायता प्रदान करने का भी प्रस्ताव रखा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने हिंदी साहित्य के विकास के लिए राज्य में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं और शैक्षणिक संस्थानों को विशेष अनुदान और सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव रखा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय मंत्रिमंडल के कई सदस्य, कटक के सांसद भर्तृहरि महताब और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

## नंदनकानन एक्सप्रेस ट्रेन में फायरिंग

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को नंदनकानन एक्सप्रेस ट्रेन पर फायरिंग की गयी। शुरुआती जांच में पता चला है कि भद्रक और बाउदपुर सेक्शन के बीच ट्रेन पर फायरिंग की गयी। ट्रेन पर 2 राउंड फायरिंग की गयी। गोलीबारी में गार्ड डिब्बे की खिड़की का शीशा टूट गया। जीआरपी और स्थानीय पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। इसे देखते हुए पूर्व तट रेलवे ने इस की जानकारी दी कि 12816 आनंद विहार-पुरी एक्सप्रेस के गार्ड ने एक घटना की सूचना दी कि गार्ड वैन की खिड़की में कोई चीज घुस गयी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हादसा सुबह करीब 9:30 बजे ओड़िशा के भद्रक-बाउदपुर सेक्शन में हुआ। किसी को भी चोट नहीं लगी है।

## त्योहारों पर इस वर्ष 73% से अधिक गाड़ियों का परिचालन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली।** त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा 7663 स्पेशल गाड़ियों को अधिसूचित किया गया है। यह गाड़ियां एक अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच चलायी जा रही हैं। पिछले साल इस अवधि में 4429 विशेष गाड़ियों का परिचालन किया गया था। इस तरह इस वर्ष 73% से अधिक गाड़ियों का परिचालन किया गया है। 24 अक्टूबर से 4 नवंबर के बीच भारतीय रेल में 9.58 करोड़ यात्रियों ने नॉन-सब-अर्बन रूट पर यात्रा की। यह एक नया कीर्तिमान है। पिछले वर्ष दीपावली और छठ वाले सप्ताह में 9.24 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की थी। 4 नवंबर 2024 को भारतीय रेल के नॉन सबअर्बन रूट पर एक करोड़ 20 लाख 72000 से अधिक यात्रियों ने यात्रा की जो एक नया कीर्तिमान है। इसमें आरक्षित श्रेणी में 19.43 लाख यात्री और अनारक्षित श्रेणी में एक करोड़ 1 लाख 29000 यात्री शामिल है। भारतीय रेल द्वारा 3 नवंबर को 207 विशेष गाड़ियों का और 4 नवंबर को 203 विशेष रेलगाड़ियां का परिचालन किया गया, जो एक नया कीर्तिमान है।

### कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने वर्ष 2024-25 के लिए मुख्य कृषि फसलों के उत्पादन के प्रथम अग्रिम अनुमान जारी किया

# 1647.05 लाख टन रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन

- चावल, मक्का और मूंगफली का भी रिकार्ड उत्पादन प्राप्त
- चार मुख्य राज्यों के लिए डिजिटल क्राप सर्वे पर आधारित क्षेत्रफल का प्रयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए मुख्य कृषि फसलों (केवल खरीफ) के उत्पादन के प्रथम अग्रिम अनुमान जारी कर दिये गये हैं। ये अनुमान मुख्यतः राज्यों से प्राप्त जानकारी के आधार पर तैयार किये गये हैं। राज्यों से प्राप्त फसलों के क्षेत्रफल को रिमोट सेंसिंग, साप्ताहिक फसल मौसम निगरानी समूह और अन्य एजेंसियों से प्राप्त जानकारी के साथ सत्यापित और त्रिकोणित किया गया है। इसके अलावा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने उद्योग और अन्य सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों के साथ वर्तमान खरीफ मौसम के लिए उनकी राय, विचार और भावनाएं प्राप्त करने हेतु हितधारक परामर्श करने की पहल की है। अनुमानों को अंतिम रूप देते समय इन पर भी विचार किया गया है।

पहली बार, डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत राज्य सरकारों के सहयोग से किये जा रहे डिजिटल क्राप सर्वे (डीसीएस) के आंकड़ों का उपयोग क्षेत्रफल के अनुमानों तैयार करने के लिए किया गया है। यह सर्वे, जो मैनुअल गिरदावरी प्रणाली को प्रतिस्थापित करने के लिए परिकल्पित किया गया है, मजबूत फसल क्षेत्रफल अनुमान प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात और ओडिशा राज्यों, जिसमें खरीफ 2024 में 100% जिलों को डीसीएस के अंतर्गत कवर किया गया है के लिए डीसीएस आधारित फसल क्षेत्रफल का आंकलन किया गया है। इसके परिणामस्वरूप, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में चावल के अंतर्गत क्षेत्रफल में काफी वृद्धि हुई है। प्रथम अग्रिम अनुमान के अनुसार वर्ष 2024-25 के दौरान कुल



खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 1647.05 लाख टन अनुमानित है जो पिछले वर्ष के खरीफ खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 89.37 लाख टन अधिक एवं औसत खरीफ खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 124.59 लाख टन अधिक है। चावल, ज्वार और मक्का के अच्छे उत्पादन के कारण खाद्यान्न उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि देखी गयी।

वर्ष 2024-25 के दौरान खरीफ चावल का उत्पादन 1199.34 लाख टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के खरीफ चावल उत्पादन से 66.75 लाख टन अधिक एवं औसत खरीफ चावल उत्पादन से 114.83 लाख टन अधिक है। खरीफ मक्का का उत्पादन 245.41 लाख टन एवं खरीफ पोषक/मोटे अनाजों का उत्पादन 378.18 लाख टन अनुमानित है। इसके अलावा, 2024-25 के दौरान कुल खरीफ दलहनों का उत्पादन 69.54 लाख टन अनुमानित है।

2024-25 के दौरान देश में कुल खरीफ तिलहन उत्पादन 257.45 लाख टन अनुमानित है, जोकि पिछले वर्ष के खरीफ तिलहन उत्पादन की तुलना में 15.83 लाख टन अधिक है। वर्ष 2024-25 के लिए खरीफ मूंगफली का उत्पादन 103.60 लाख टन एवं सोयाबीन का उत्पादन 133.60 लाख टन अनुमानित है। 2024-25 के दौरान देश में गन्ने का उत्पादन 4399.30 लाख टन अनुमानित है। कपास का उत्पादन 299.26 लाख गांठें (प्रति गांठ 170 किग्रा) अनुमानित है। पटसन एवं मेस्ता का उत्पादन 84.56 लाख गांठें (प्रति गांठ 180 किग्रा) अनुमानित है।

## आम की गुठली खाने से 2 लोगों की मौत पर राज्यपाल से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कंधमाल में आम की गुठली खाने से 2 लोगों की मौत को लेकर राज्य सरकार की अक्षमता को जिम्मेदार ठहराते हुए कांग्रेस प्रतिनिधियों ने राज्यपाल से मुलाकात की। श्रीकांत जेना, मोहम्मद मोकिम, सन्तोष सिंह सालूजा, जयदेव जेना समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने राज्यपाल से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। पार्टी ने चावल की आपूर्ति के बारे में लोगों को गुमराह करने के लिए खाद्य आपूर्ति मंत्री को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने और कंधमाल जिलापाल को बर्खास्त करने की मांग की है। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने मृतक के परिवार को 20 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की है। इसके अलावा, प्रतिनिधि मंडल ने गजपति और कंधमाल के लिए एक स्वतंत्र विकास परिषद की भी मांग की है। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल की मुलाकात के बाद राज्यपाल ने मुख्य सचिव से इस पर रिपोर्ट मांगी है। कांग्रेस ने राज्यपाल से एक बार क्षेत्र का दौरा करने का आग्रह किया है।














# खोरधा रोड मंडल के नौ रेलवे स्टेशनों को पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली मानक प्रमाण पत्र जारी किया गया

- स्वच्छ और हरित वातावरण के साथ यात्री तथा संबद्ध सेवाएं प्रदान करने के लिए आइएसओ 14001:2015 प्रमाणन




आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरधा रोड।** खोरधा रोड मंडल के नौ रेलवे स्टेशनों को बेहतर पर्यावरण प्रदर्शन के लिए पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली मानक प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया है। ये स्टेशन हैं पुरी, भुवनेश्वर, खोरधा रोड, पलासा, बालूगांव, जाजपुर क्योंझर रोड, भद्रक, कटक, ब्रह्मपुर। इन स्टेशनों पर स्वच्छ और हरित वातावरण के साथ यात्री तथा संबद्ध सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जिसमें स्टेशन परिसर में ट्रेन संचालन, सिग्नल और दूरसंचार, स्टेशन रखरखाव, सार्वजनिक उपयोगिताओं के साथ यात्री टिकट बुकिंग और अन्य यात्री सुविधाएं जैसी अन्य सेवाएं शामिल हैं। आइएसओ 14001: 2015 प्रमाणन पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (इएमएस) के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मानक है। रेलवे स्टेशनों पर अपशिष्ट को कम करने, ऊर्जा को संरक्षित करने, संसाधनों का अधिक कुशलता से उपयोग करने तथा अपशिष्ट की रीसाइक्लिंग, कम करने और जिम्मेदार निपटान सहित अपशिष्ट प्रबंधन रणनीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए इन स्टेशनों के लिए यह प्रमाणन जारी किया गया है। तीसरे पक्ष की राष्ट्रीय एजेंसी एनवो ग्रीन मैनेजमेंट, कटक द्वारा सर्वेक्षण और ऑडिट के बाद खोरधा रोड मंडलके नौ रेलवे स्टेशनों को पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली मानक प्रमाण पत्र जारी किया गया। रेलवे स्टेशनों को पर्यावरण अनुकूल बनाने में उनके प्रयासों के लिए खोरधा रोड के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा ने यांत्रिक विभाग के पर्यावरण हाउसकीपिंग प्रबंधन की टीम को बधाई दी है।

# वेदांता लांजीगढ़ ने कार्यस्थल सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सुरक्षा सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित की

आजाद सिपाही संवाददाता

**लांजीगढ़।** भारत के प्रमुख स्मेल्टर-ग्रेड एल्यूमिना उत्पादक और वेदांता एल्युमीनियम की एक इकाई वेदांता लांजीगढ़ ने अपने परिचालन में सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत प्रशिक्षण और कार्यशालाओं की एक



श्रृंखला आयोजित की। इस श्रृंखला में संयंत्र परिसर में महत्वपूर्ण सुरक्षा मापदंडों के प्रबंधन के लिए मॉक ड्रिल, प्रशिक्षण सत्र और शॉपफ्लोर प्रदर्शन शामिल थे। सत्रों में 250 से अधिक कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों ने भाग लिया। सुरक्षा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, वेदांता लिमिटेड के एल्युमिना बिजनेस के सीइओ प्रणब कुमार भट्टाचार्य ने कहा कि हम व्यावहारिक सुरक्षा प्रशिक्षण और असुरक्षित प्रथाओं के प्रति शून्य-सहिष्णुता दृष्टिकोण के माध्यम से एक मजबूत सुरक्षा संस्कृति का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**कुछ पहलों में शामिल हैं:** **सुरक्षा संकल्प दिवस:** एक मासिक अभियान जो कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करता है। **व्हील्स पर प्रशिक्षण :** एक कार्यक्रम, जिसका उद्देश्य मोबाइल सुरक्षा वैन के माध्यम से लाइव प्रदर्शनों द्वारा सुरक्षा प्रोटोकॉल को दोहराना है। **सड़क सुरक्षा:** विभिन्न साइटों पर अत्याधुनिक एआई तकनीकों द्वारा संचालित गति निगरानी कैमरों की स्थापना जैसी कई पहल की गयी हैं। **महत्वपूर्ण जोखिम प्रबंधन मॉड्यूल का कार्यान्वयन :** बिजली के संपर्क, ऊंचाई पर काम, क्रेन और लिफ्टिंग, रोटेटिंग उपकरण उलझाव (इएनटी), वाहन और पैदल यात्री संपर्क (वीपीआइ), अलगाव, सीमित स्थान और रेल सुरक्षा से जुड़े कार्यों में सुरक्षा पहलुओं का पालन सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा अधिकारियों को साइटों पर तैनात किया जाता है। **मानकीकरण और निगरानी :** प्रभावी वकालत के माध्यम से व्यक्तिगत सुरक्षात्मक उपकरण के उपयोग की एकरूपता और सुव्यवस्थितता सुनिश्चित करना।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**